(An ISO 9001:2008 Certified Institute)

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2018-19

भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
बीकानेर-334 006 (राजस्थान)
ICAR-Central Institute for Arid Horticulture
Bikaner-334 006 (Rajasthan)

वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2018-19

भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
बीछवाल, बीकानेर–334 006, राजस्थान
ICAR-Central Institute for Arid Horticulture
Beechwal, Bikaner-334 006, Rajasthan
(An ISO 9001:2008 Certified Institute)

*i*d*k*'*k*d

प्रो. (डॉ.) पी. एल. सरोज
निदेशक
भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
श्री गंगानगर हाईवे, बीछवाल,
बीकानेर–334 006, राजस्थान, भारत

Published by

Prof. (Dr.) P. L. Saroj
Director
ICAR-Central Institute for Arid Horticulture
Sri Ganganagar Highway, Beechwal,
Bikaner-334 006, Rajasthan, India

Telephone : 91-151-2250147, 91-151-2250960, Fax : 91-151-2250145
E-mail : ciah@nic.in *Website* : http://www.ciah.ernet.in

*l*d*yu ,o* *l*E*i*k*nu*

डॉ. पी. एल. सरोज
डॉ. बी. डी. शर्मा
डॉ. आर. एस. सिंह
डॉ. एस. एम. हलधर
श्री रमेश कुमार
डॉ. चेत राम
श्री पी. पी. पारीक

Compiled and edited by

Dr. P. L. Saroj
Dr. B. D. Sharma
Dr. R. S. Singh
Dr. S. M. Haldhar
Mr. Ramesh Kumar
Dr. Chet Ram
Mr. P. P. Pareek

m)*j*.*k*

0kkf"kd ifronu 2018&19
भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
बीकानेर–334 006 (राजस्थान)

Correct Citation

Annual Report 2018-19

ICAR-Central Institute for Arid Horticulture,
Bikaner-334 006 (Rajasthan)

'kCn l/*kkj*.*k] ifjdYiuk vkj Nk;kfp=*.*k*

श्री भोज राज खत्री
श्री महावीर कुमार जैन
श्री संजय पाटिल

Laser setting, designing and photography

Sh. Bhoj Raj Khatri
Sh. Mahaveer Kumar Jain
Sh. Sanjay Patil

nkokR;kx / dkihjkbV

सर्वाधिकार सुरक्षित है। निदेशक, भाकृअनुप– केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान की लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक का कोई भी भाग किसी भी प्रकार में, मुद्रण, सूक्ष्म फिल्म अथवा अन्य किसी माध्यम में प्रतिकृति नहीं किया जा सकेगा।

Disclaimer / copyright

All rights are reserved. No part of this book shall be reproduced or transmitted in any form by print, microfilm or any other means without written permission of the Director, ICAR-CIAH, Bikaner.

ik:*i*.*k ,o* e*n*.*k*

मैसर्स रॉयल ऑफसेट प्रिन्टर्स, ए–89/1,
नारायणा इण्डस्ट्रियल एरिया, फेस–1, नई दिल्ली–110 028

Layout design & Printed at

M/s Royal Offset Printers, A-89/1,
Naraina Industrial Area, Phase-I, New Delhi 110 028

प्रो. (डॉ.) पी. एल. सरोज
निदेशक
Prof. (Dr.) P.L. Saroj
Director

भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
बीछवाल, बीकानेर–334 006
ICAR-Central Institute for Arid Horticulture
Beechwal, Bikaner-334 006

प्राक्कथन/PREFACE

भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर के इस वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19 को प्रकाशित करते हुए मुझे अपार खुशी का अनुभव हो रहा है। इस क्षेत्र में यदि पर्याप्त तकनीकी विकास हो जाता है तो यह क्षेत्र, शुष्क एवं अर्ध शुष्क क्षेत्र अपने विशाल भू–भाग के मध्य अत्यधिक सौर उर्जा, कम कीट व्याधियों के प्रकोप आदि बहुमूल्य भंडारों के साथ भारत में बागवानी फसलों का एक प्रमुख केन्द्र बन सकता है। भाकृअनुप–केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर की स्थापना 01 अप्रैल, 1993 को हुई थी और तभी से ही यह संस्थान, शुष्क और अर्ध शुष्क क्षेत्र के किसानों और हितधारकों हेतु सम–जलवायविक स्थितियों, सीमित संसाधनों के साथ विपरीत जलवायु स्थिति में बागवानी फसलों की समुचित प्रौद्योगिकियों का विकास, बागवानी उपज की मूल्य संवर्धन तकनीकियां तथा सार–संभाल और किसानों के लिए गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री के विकास के लिए समर्पित है।

प्रस्तुत प्रतिवेदन में 4 वृहद् अनुसंधान व 8 बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं की झलक के साथ नव विधियों का विकास, उल्लेखनीय सलाहकारी सेवाओं, अर्जित ज्ञान का विस्तार, मानव संसाधन विकास, भाकृअनुप एवं अन्य अनुसंधान संस्थाओं, विश्वविद्यालयों के मध्य सामंजस्य व संवाद, आदि पर प्रकाश डाला गया है। मैं संस्थान अनुसंधान समिति के सभी सदस्यों को इसके माध्यम से धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूँ जिन्होंने निश्चित समयावधि के मध्य सभी कार्यकलापों को करते हुए इसको मूर्तरूप दिया है। मैं, संस्थान के तकनीकी, प्रशासनिक, वित्त एवं अन्य दूसरे कार्मिकों को भी धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने संस्थान

It gives me immense pleasure in bringing out the Annual Report 2018-19 of the ICAR-Central Institute for Arid Horticulture, Bikaner. Owing to their strength such as vast area, ample solar radiation, low incidence of diseases and pests, arid and semi-arid regions are bestowed with potential to become the horticultural bowl of India provided adequate technologies are developed. Ever since its inception on 1st April 1993, ICAR-Central Institute for Arid Horticulture, Bikaner is dedicated to serve the farmers and stake holders of arid and semi arid region by developing technologies, introduction of genotypes of crops from iso-climatic conditions, package and practices of arid horticultural crops under adverse climatic condition with limited resources, handling and value addition technologies of the horticultural produce, and development of quality planting materials for the farmers, etc.

The present report highlights glimpses of 4 mega research projects and 8 externally funded projects. New methodologies developed, significant advisory services provided, dissemination of knowledge acquired, human resource development, linkages cultivated/ nurtured with various ICAR institutes, SAUs and other research organizations of India. I take this opportunity to place on record my appreciation to all the members of the Institute Research Committee (IRC) who have discussed all the activities at length and come out with well laid

कार्यकलापों एवं योजनाओं को आगे बढ़ाने में अपना अथक योगदान दिया है।

इस संस्थान के अनुसंधान लक्ष्यों की पूर्ति में हर कदम सहयोग के लिए मैं, सचिव डेयर एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. टी. महापात्र का हृदय की गहराईयों से आभार प्रकट करता हूँ। मैं, बागवानी विज्ञान के उप महानिदेशक डॉ ए. के. सिंह और सहायक महानिदेशक (बागवानी विज्ञान–I) का भी हृदय से आभारी हूँ जिन्होंने अमूल्य सुझाव एवं समालोचनात्मक अभियुक्तियों के द्वारा इस संस्थान के लक्षित कार्यों को समय पर करने में सहयोग प्रदान किया।

यह वार्षिक रिपोर्ट, संस्थान के हमारे वैज्ञानिकों और अन्य कर्मचारियों द्वारा समर्पित और निरंतर प्रयासों की परिणति है। मैं इस वार्षिक रिपोर्ट (2018–19) संकलित एवं सम्पादित करने में डॉ बी. डी. शर्मा, डॉ आर एस सिंह, डॉ एस एम हलदर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. चेतराम और श्री पी. पी. पारीक को उनके निष्ठापूर्ण कार्य और सहयोग के लिए उनके प्रति प्रशंसा व्यक्त करता हूँ। इसका कम्प्यूटरीकरण तथा अन्य तकनीकी सहयोग के लिए श्री भोज राज खत्री, श्री एम.के. जैन और श्री संजय पाटिल के द्वारा सम्पादित कार्य भी सराहना के योग्य है।

out plan of action within a definite time frame. I also thank technical personnel, administrative, finance and other staff of the Institute who have put their lot of efforts to take policies and programmes of the Institute forward.

I take this opportunity to place on record my sincere thanks and deep sense of gratitude to Dr. T. Mohapatra, Secretary, DARE and Director General, ICAR for his constant support in executing the mandate of the Institute. I also express my gratitude to Dr. A. K. Singh, Deputy Director General (Horticultural Science) and to ADG (Hort.-I) for their critical remarks and valuable suggestions.

This Annual Report is the culmination of dedicated and sustained efforts by our scientists and other staff of the institute. I wish to express my sincere appreciation to Dr. B. D. Sharma, Dr. R. S. Singh, Dr. S. M. Haldhar, Dr. Ramesh Kumar, Dr. Chet Ram and Sh. P. P. Pareek for their sincere and whole-hearted support in bringing out the Annual Report (2018-19). The technical support in terms of computerization/hindi translation by Sh. Bhoj Raj Khatri, Sh. Sanjay Patil and Sh. M.K. Jain is appreciated.

fnukd% मई 2019, बीकानेर

Dated: May 2019, Bikaner

¼ih- ,y- ljkt½

(P. L. Saroj)

विषय-सूची
Contents

क्र. सं. S. No.	विवरण Particulars	पृष्ठ सं. Page No.
	प्राक्कथन Preface	iii
1.	कार्यकारी सारांश Executive Summary	1
2.	प्रस्तावना Introduction	13
3.	अनुसंधान उपलब्धियां Research Achievements	17
4	संपर्क और सहयोग Linkages and Collaborations	177
5.	महिला एवं दिव्यांग सशक्तिकरण Empowerment of Women and Person with Disabilities	179
6.	सम्मान व पुरस्कार Awards and Recognitions	180
7.	प्रशिक्षण एवं सामर्थ्य संधारण Training and Capacity Building	188
8.	प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित Training and Awareness Programmes Conducted	189
9.	बाह्य वित्त पोषित परियोजनाएं Externally Funded Projects	192
10.	प्रकाशन Publications	197
11.	बैठक, संगोष्ठी और व्याख्यान Meetings, Conferences and Lectures	233
12.	अनुसंधान परियोजनाएं Research Projects	245
13.	अनुसंधान सलाहकार, शोध एवं प्रबंधन समितियां RAC, IRC and IMC	251
14.	गणमान्य अतिथि Distinguished Visitors	254
15.	राजभाषा Rajbhasha	257
16.	कार्मिक Personnel	260
17.	बजट Budget	264
18.	मौसमी आंकड़े Meteorological Data	266

कार्यकारी सारांश

EXECUTIVE SUMMARY

पादप आनुवंशिक संसाधन और फसल सुधार

फल

भाकृअनुप–केशुबासं, बीकानेर के प्रक्षेत्र जीन बैंक और केबापके, गोधरा में इसके उप केन्द्र पर बड़ी संख्या में शुष्क फलों के जननद्रव्यों का संरक्षण किया जा रहा है। वर्ष 2018–19 के दौरान गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के अलग–अलग भागों से 11 जननद्रव्य बेल के, 9 अमरूद के, 3 एसिड लाइम और नींबू, मनीला इमली और जामुन के एक–एक जननद्रव्य को इकट्ठा किया गया। राजस्थान के बीकानेर से बोरडी *(जिजिफस रोटण्डीफोलियों)* का कांटा रहित जननप्रकार एकत्र किया गया। थाई बेर में संकरण अध्ययन में, कुल 578 संयोजन किए गए और जिनमें से परिपक्व फल /गुठली के प्रतिधारण के रूप में 3.11 प्रतिशत सफलता मिली। खजूर में, एक बीजू पौधे को कुलीन प्रकार (सीआइएएच/डीपी/एस–2) के रूप में चिह्नित किया गया था। यह जुलाई के मध्य में परिपक्व होता है और स्वाद में मीठा है। प्रति गुच्छे फलों की संख्या 18–20, फल वजन 10 ग्राम का औसत के साथ 37 किग्रा/पेड़ उपज दर्ज की गयी। अनार जननद्रव्य के मूल्यांकन के दौरान सीआइएएच पीजी–1, सीआइएएच पीजी –2, सीआइएएच पीजी –3, सीआइएएच पीजी –4 और सीआइएएच पीजी –5 नाम से पांच चयनों को सीधे खाने, अनारदाना, मूलवृंत उद्देश्य और अनार में सुधार के लिए प्रजनन सामग्री के रूप में प्रयोगार्थ बनाया गया। काष्ठ सेव में किस्म थार गौरव (सीएचइएसडब्लू–4) को चयन के माध्यम से विकसित किया गया। यह घने छत्रक का समय पूर्व फलने वाला है और चौथे वर्ष में फलन देने वाला है। इसमें पश्चिमी भारत के वर्षा आधारित परिस्थितियों में बेहतर भण्डारण समय के साथ बड़े आकार के फल (452.25 ग्राम) लगते हैं। इसका उपयोग सीधे खाने के साथ–साथ अचार, आरटीएस, चटनी और पाउडर जैसे मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए किया जाता है। यह सूखा सहिष्णु है और विपरीत कृषि–जलवायु स्थिति के दौरान आर्थिक उपज देने में सक्षम है। परिपक्व फलों से बहुत अच्छी मनभावन सुगंध आती है। वर्षा आधारित अर्ध–शुष्क स्थिति में यह नवंबर

Plant Genetic Resources and Crop Improvement

Fruits

A large number of germplasm of arid fruits are being conserved at field gene bank of ICAR-CIAH, Bikaner and its regional station at CHES, Godhra. During 2018-19, 11 germplasm of bael, 9 germplasm of guava, 3 germplasm of acid lime and one germplasm of each lemon, Manila tamarind and jamun were collected from different parts of Gujarat, Maharashtra and Uttar Pradesh. The thornless genotype of bordi (*Z. rutundifolia*) was collected from Bikaner, Rajasthan. In hybridization studies in Thai ber, a total of 578 crosses were made and out of which 3.11% success got in form of retention of mature fruits/stone. In date palm, one seedling plant was marked elite type (CIAH/DP/S-2) which matured in mid July and having sweet taste. The number of berry per strand was 18-20; average weight 10 g with 37 kg/tree yield. During the evaluation of pomegranate germplasm, five selections namely CIAH PG-1, CIAH PG-2, CIAH PG-3, CIAH PG-4 and CIAH PG-5 have been made for table, anardana, rootstock purpose and as breeding material for improvement of pomegranate. In wood apple, Thar Gaurav (CHESW-4) variety released through selection. It is precocious bearer having dense canopy, and starts bearing in 4th year. It has bigger size fruit (452.25g) with better shelf life under rain-fed conditions of western India. It is used as table purpose and for value added products like pickle, RTS, chutney and powder. It is drought hardy and capable to give economic yield during aberrant agro-climatic condition. Fruits emits strong pleasing aroma at full maturity. It matures in month of November and gives high yield 124.36 kg/plant in 12th year under rain-fed semi-arid condition. The fruit is rich in pectin (1.76%)

के महीने में परिपक्वता पर आता है और 12वे वर्ष में 124. 36 किग्रा/पौधा तक उच्च उपज देता है। फल पेक्टिन (1.76 प्रतिशत) और प्रोटीन (लुगदी, 18.13 प्रतिशत और बीज, 24.38 प्रतिशत), फॉस्फोरस (0.07 प्रतिशत), पोटेशियम (1.73 प्रतिशत), कैल्शियम (0.30 प्रतिशत) और लोहा (16.72मिग्रा) सामग्री से समृद्ध हैं।

जामुन में, जननद्रव्य सीएचईएस –69 आनंद के ओड से एकत्र किया गया था। यह जून के दौरान पकता है। गर्म अर्धशुष्क पारिस्थितिकी तंत्र की वर्षा आधारित स्थिति में इसके फलों में 20.80 ग्रा. वजन, 85.50 प्रतिशत गूदा, 17.50^0 ब्रिक्स टीएसएस, 0.43 प्रतिशत टार्टरिक अम्लता, 12.80 प्रतिशत कुल शर्करा और 52.45 मिलीग्राम /100 ग्राम विटामिन सी दर्ज किया। इमली जननद्रव्य मूल्यांकन में, सीएचईएसटी–10 को आशाजनक पाया गया। इसमें सीधी वृद्धि, मोट तना और झूलती शाखाएं होती हैं। प्रति पौधा 75.20 किग्रा. फल दर्ज किया गया। पकने की चरम अवधि मार्च के अंतिम सप्ताह थी। पकने के दौरान फलों में 52.60 प्रतिशत लुगदी और 70.20^0 ब्रिक्स टीएसएस दर्ज किया गया। अमरूद में, गुजरात और महाराष्ट्र से नौ उन्नत जननद्रव्य एकत्र किए गए। इनमें से एक जननद्रव्य में हल्के गुलाबी रंग के गूदे के साथ फल का आकार लगभग 300–350 ग्रा. तक दर्ज किया गया। भावनगर से एकत्र किए गए एक जननप्रकार में गोल आकार के इलाहाबाद सफेदा जैसे फल के साथ चमकीले पीला छिलके का रंग, कम संख्या में मध्यम नरम बीज और गहरा गुलाबी गूदे के साथ खट्टा–मीठा स्वाद युक्त था। अमरूद में संकरण अध्ययन में, थाई अमरूद और बैंगनी अमरूद के बीच पारस्परिक संयोजन किए गए। सीएचईएसजी–28 ललित की एफ1 संतान में फूल और फल का आरंभ हुआ। अंजीर में, जीनोटाइप 'बीछवाल लोकल' को आशाजनक पाया गया। इसमें फलों का वजन 18.55–33.82 ग्राम, फल परिधि 3.36– 4.30 सेमी, मीठे स्वाद के साथ टीएसएस 21.6^0 ब्रिक्स दर्ज किया गया। लसोडा के एक चिन्हित उन्नत जननप्रकार लासोडा एल–9 में फलों के वजन (13.90– 20.94 ग्राम) और परिधि (2.92– 3.44 सेमी) के साथ औसत छिलके:गूदा:गुठली का अनुपात 1.48: 6.77: 0.63 दर्ज किया गया।

सब्जी

भाकृअनुप–केशुबासं, बीकानेर के जीन बैंक और केबापके, गोधरा में इसके उप केन्द्र पर बड़ी संख्या में शुष्क सब्जियों की फसलों के जननद्रव्यों का संरक्षण किया जा रहा है। प्रतिवेदन अवधि के दौरान, शुष्क वनस्पति आनुवंशिक संसाधनों (500 लाइनों) का उनकी सुरक्षा के

and protein (pulp 18.13% and seed 24.38%), phosphorous (0.07%), potassium (1.73%), calcium (0.30%) and iron (16.72mg) content.

In jamun, germplasm CHES-69 was collected from Ode, Anand. It ripens during June. It recorded 20.80 g fruit weight, 85.50% pulp, 17.50 ^{0}Brix TSS, 0.43% titratable acidity, 12.80 % total sugar and 52.45 mg/100 g vitamin C under rain-fed conditions of hot semi-arid ecosystem. In tamarind germplasm evaluation, CHEST-10 was found promising. It has up right growth habit, thick trunk and drooping branches. It recorded 75.20 kg fruit per plant. Peak period of ripening was last week of March. It recorded 52.60% pulp and 70.20^o Brix TSS during ripening. In guava, nine elite germplasm were collected from Gujarat and Maharashtra. One of the guava genotypes, has bigger fruit size of around 300-350 g with slight pinkish pulp. One genotype collected from Bhavnagar has round shaped fruit like Allahabad Safeda with bright yellow peel colour, less number of medium soft seeds and deep pink pulp with fine TSS:acid blend. In hybridization studies in guava, reciprocal crosses were made between Thai guava and Purple guava. F1 progeny of CHESG-28 × Lalit which was started flowering and fruit setting. In fig, genotype 'Beechhwal local' was found promising. It has fruit weight 18.55- 33.82 g, fruit dia. 3.36- 4.30 cm, TSS 21.6^0 Brix with sweet taste. Identified one promising genotype of lasoda L-9 having fruit weight (13.90- 20.94 g) and dia. (2.92-3.44 cm) with average peel: pulp: stone ratio 1.48: 6.77: 0.63.

Vegetables

A large number of germplasm of arid vegetable crops are being conserved at gene bank of ICAR-CIAH, Bikaner and CHES, Godhra. During report period, regular monitoring of arid vegetable genetic resources (500 lines) which mainly consisted with desert melons (125), non-desert melons (161), gourds (60), cluster bean and beans (35) was done for their safe conservation in genebank facilities. In addition, germplasm of khejri, sehjan, ivy gourd and other perennial crop-plants of vegetable significance

लिए जीनबैंक की सुविधाओं में नियमित अनुरक्षण किया गया जिसमें मुख्य रूप से शुष्क क्षेत्रीय कद्दूवर्गीय (125), अन्य कद्दूवर्गीय (161), खीरावर्गीय (60), ग्वारफली और अन्य बीन्स (35) जननद्रव्य शामिल हैं। इसके अलावा, खेत के भंडार में खेजड़ी, सहजन, कुन्दरी और सब्जी के अन्य बारहमासी फसल–पौधों के जननद्रव्यों का भी अनुरक्षण किया गया। वर्ष 1994 के दौरान एकत्र किए गए एएचएबी–एस–1 और एएचएबी–बी–1 नामक दो देशी ग्वारपाठे के जननद्रव्यों को रखरखाव के लिए फिर से तैयार किया गया और पांच अनुरक्षणों का चित्रण किया गया। आनंद, गुजरात से तोरई के पैंतीस जननद्रव्य एकत्र किए गए। मतीरा में, एक उच्च कैरोटीनॉइड सामग्री से युक्त जननद्रव्य वाइएफ 5–2–7 की पहचान की गई। वाइएफ 5–2–7 लोकप्रिय लाल गूदे वाली किस्मों जिनमें 3.92–4.14 –माग्रा/ग्रा. कैरोटीनॉयड सामग्री है, की तुलना में अधिक कैरोटीनॉयड सामग्री (7.0–7. 2 –2 माग्रा./ग्रा.) है। तोरई में, सात जननद्रव्य यानी सीआईएएच/सीएचईएस/एलपीवाई/सीएचईएसआइजी –2,3,4,7,8,9 और 10 फलों की पैदावार और गुणवत्ता विशेषताओं के लिए आशाजनक पाए गए। तोरई में, विविधतापूर्ण समृद्ध क्षेत्रों से उनके रूपात्मक गुणों के आधार पर देश के विभिन्न हिस्सों से 35 जननद्रव्य एकत्र किए गए थे। विभिन्न वांछित बागवानी लक्षणों के आधार पर जननद्रव्य सीआईएएच/सीएचईएस/एलपीवाई/सीएचईएसआइजी –1 को बेहतर पाया गया। इसके बाद के क्रम में जननद्रव्य सीआईएएच / सीएचईएस/ एलपीवाई/ सीएचईएसआइजी–11 और सीआईएएच/ सीएचईएस/ एलपीवाई/ सीएचईएसआइजी–15 को पाया गया।

टमाटर में, एएम –47 एक बीटा–कैरोटीन से भरपूर (पीला प्रकार) ताप सहिष्णु जननप्रकार है जिसका उपज, गुणवत्ता और पोषण संबंधी विशेषताओं के लिए मूल्यांकन किया गया। यह अर्ध बढ़वार प्रकृति का है, प्रत्येक फल का वजन लगभग 110 ग्राम, आकार में चपटा गोल आकर्षक पीले रंग का फल है। प्रति पौधा पैदावार 3.7 किलोग्राम है। यह खेत की स्थिति के तहत टीसीएलवी बीमारी के लिए मामूली प्रतिरोधी है। सहजन में, एक बहुत छोटे प्रकार की, सूखा सहिष्णु बैंगनी रंग जननप्रकार (सीआईएएच/ सीएचईएस/ एलपीवाई/ सीएचईएसडी–34) को चिन्हित किया गया है, जिसमें पौधे की औसत ऊंचाई 1.26 मी., 26 फली, औसत फल वजन 86 ग्राम, फल लंबाई 44 सेमी, बैंगनी फूल, बैंगनी फली और बैंगनी टहनी होती है, और एक मध्यम ऊंचाई वाली सूखा सहिष्णु जननप्रकार (सीआईएएच/ सीएचईएस/ एलपीवाई/ सीएचईएसआइडी–40) जिसमें पौधे की

were maintained in field repository. Two Indian aloe native germplasm namely AHAB-S-1 and AHAB-B-1 collected during 1994 were re-generated for maintenance and five accessions were characterized. Thirty five germplasm of spine guard were collected from Anand, Gujrat. In water melon, a high carotenoid content germplasm YF 5-2-7 was identified. YF 5-2-7 is high in carotenoid content (7.0-7.2 µg/g FW) in comparison to popular red fleshed varieties which have 3.92-4.14 µg/g FW carotenoid content. In ivy gourd, seven germplasm i.e. CIAH/CHES/LPY/CHESIG-2,3,4,7,8,9 and 10 were identified promising for fruit yield and quality attributes. In spine gourd, 35 germplasm were collected from different parts of the country on the basis of their morphological characters from diversity rich areas. Based on various desired horticultural traits, CIAH/CHES/LPY/CHESSG-1 genotype was found superior followed by CIAH/CHES/LPY/CHESSG-11 and CIAH/CHES/LPY/CHESSG-15.

In tomato, AM-47, a β-carotene rich (yellow type) heat tolerant genotype was evaluated for yield, quality and nutritional attributes. It is semi determinate type, each fruit weight about 110 g, attractive yellow colour fruits of flat round in shape. Each plant yields 3.7 kg. It is moderately resistance to TCLV disease under field condition**.** In drumstick, an ultra dwarf, drought tolerant purple colour genotype (CIAH/CHES/LPY/CHESD-34) with 1.26 m plant height, 26 pods, average fruit weight 86 g, fruit length 44 cm, purple flower, purple pod and purple shoot, and a medium dwarf drought tolerant genotype (CIAH/CHES/LPY/CHESD-40) with 2.61 m plant height, 244 pods, average fruit weight 223 g, fruit length 45-48 cm, 9-10 seed per pod, and TSS 9.3°Brix were identified as promising. In Indian bean, five genotypes (CHESIB-01, CHESIB-07, CHESIB-10, CHESIB-31 and CHESIB-50) were found superior for growth, yield and pod quality traits. In vegetable cowpea, the genotypes like CHESVC-01, CHESVC-10, CHESVC-15, CHESVC-22 and CHESVC-45 were found superior with respect to fresh number pods and pod yield.

ऊंचाई 2.61 मीटर, 24.4 फली, फली का औसत वजन 223 ग्राम, फली की लंबाई 45–48 सेमी, 9–10 बीज प्रति फली और टीएसएस 9.3% ब्रिक्स को आशाजनक के रूप में पहचाना गया। भारतीय सेम में, पांच जनन–प्रकार (सीएचईएसआईबी–01, सीएचईएसआईबी–07, सीएचईएसआईबी–10, सीएचईएसआईबी–31 और सीएचईएसआईबी–50) विकास, पैदावार और फली गुणवत्ता वाले लक्षणों के लिए बेहतर पाए गए। वनस्पति लोबिया में, ताजा संख्या फली और फली उपज के संबंध में सीएचईएसवीसी–01, सीएचईएसवीसी–10, सीएचईएसवीसी–15, सीएचईएसवीसी–22 और सीएचईएसवीसी–45 जैसे जननप्रकार बेहतर पाए गए।

वर्ष 2018–19 के दौरान, गल तोरई–एएचएसजी/2015/एफ5/01, पालक–एएचएलपी–1 और कुन्दरी–एएचआईजी –1 की विकसित प्रजनन सामग्री क्रमशः थार तापिश, थार हरिपर्णा और थार सुंदरी के रूप में जारी की गई। खेजड़ी में, खेत में 14 उन्नत वर्ग के जननप्रकारों का अनुरक्षण किया और चयन –2 का तुलनात्मक अध्ययन थार शोभा किस्म के साथ किया गया। इसके अलावा, वर्षा आधारित परिस्थितियों में खेजड़ी आधारित फसल उत्पादन क्षेत्र में फोग सहित स्थानीय देशी फसल–पौधों का अध्ययन वार्षिक वृद्धि और जैव–फसल के लिए किया गया। फूटककड़ी (एएचएस–82: 73 किग्रा), काचरी (एएचके–119: 81 किग्रा), चिकनी तोरई (थार तापिशः 8.4 किग्रा), ग्वारफली (थार भादवीः 292 किग्रा), पालक (थार हरिपर्णाः 42 किग्रा), बैंगन (थार रचितः 4.0 किग्रा) और अन्य शुष्क सब्जियों की फसलों में बीज का उत्पादन किया गया। कुल मिलाकर सब्जियों की किस्मों से लगभग 500 किलोग्राम सब्जी बीज उत्पादन किया गया जिसे 1000 से भी अधिक लाभार्थियों को वितरित किया गया। वर्ष 2018–19 के दौरान तोरई (थार करणी) का 35 किग्रा., तरबूज (एएचडब्ल्यू / बीआर –40) का 5.50 किग्रा. और मतीरा (थार माणक) का 1.60 किलोग्राम टीएफएल बीज उत्पादन किया और किसानों के बीच बेचा गया। एक्रिप (सब्जी फसलें) के एवीटी। और आइईटी परीक्षणों के संचालन के लिए क्रमशः थार कर्णी और थार शीतल किस्मों के बीज संबंधित को दिए गये।

फसल प्रबंधन और सस्य क्रियाएं

अलग–अलग तापमान स्थितियों में रखते हुए खजूर की हलावी किस्म के परागकणों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया गया। परिणामों से पता चला कि रेफ्रिजरेटर की परिस्थितियों में संग्रहीत पराग के उपयोग से 70 प्रतिशत फल बने। कक्ष के तापमान पर संग्रहीत

During 2018-19, developed breeding material of sponge gourd-AHSG/2015/F_5/01, palak-AHLP-1 and ivy gourd-AHIG-1 were released as Thar Tapish, Thar Hariparna and Thar Sundari, respectively. In khejri, 14 elite genotypes were maintained in field and variety Thar Shobha was compared with Selection-2. Besides, seedlings of native crop-plants including phog was studied for annual growth and bio-mass harvest with khejri based crop production site under rainfed conditions. Seed was produced of snap melon (AHS-82 : 73 kg), kachri (AHK-119 : 81 kg), sponge gourd (Thar Tapish : 8.4 kg), cluster bean (Thar Bhadavi : 292 kg), palak (Thar Hariparna : 42 kg), brinjal (Thar Rachit : 4.0 kg) and other arid vegetable crop varieties. About 500 kg seed of varieties of arid vegetables was produced and distributed to more than 1000 beneficiaries. Produced 35 kg TFL seed of ridge gourd (Thar Karni), 5.50 kg of watermelon (AHW/BR-40) and 1.60 kg of mateera (Thar Manak) during 2018-19 and sold among farmers. Supplied the seed of Thar Karni and Thar Sheetal to AICRP (Vegetable Crops) to conduct AVT I and IET trials, respectively.

Crop Management and Agro-techniques

The effect of pollen stored under different temperature conditions was carried out in date palm cv. Halawy. The results showed that pollen stored under refrigerator conditions can be used for pollination with fruit set 70%. The fruit set was lowest (53%) under pollen stored at room temperature. Under fresh pollen, 89% fruit set was observed. The pollen grains can be stored under proper storage (Refrigerator at 4-5 degree temp.) and used for pollination in next season. Standardized seed germination methods for Thar Harsha and found that seed without wing kept in between paper (rolled towel method-BP) produce healthy and vigorous seedling with highest germination (66 %) followed by seed with wing-BP (48 %) while, the lowest germination (22 %) was found in seed without wing-TP followed by seed with wing-TP (42 %) with poor seedling growth.

पराग के उपयोग पर सबसे कम (53 प्रतिशत) फल बने। ताजा पराग के प्रयोग से 89 प्रतिशत तक फल बनना दर्ज किया गया। पराग कणों को उचित भंडारण (फ्रिज में 4–5 डिग्री तापमान) करके अगले मौसम में परागण के लिए उपयोग किया जा सकता है। थार हर्ष के लिए बीज अंकुरण विधियों का मानकीकृत किया और पाया गया कि कागज में रखे बिना पंखों वाले बीज (रोल्ड टाउल विधि–बीपी) के द्वारा स्वस्थ, औजस्वी और सबसे अधिक अंकुरण (66 प्रतिशत) दर्ज किया गया। इसके बाद के क्रम में पंख सहित रखे बीज–बीपी (48 प्रतिशत) रहा। सबसे कम अंकुरण (22 प्रतिशत) बीना पंखों के बीजों–टीपी में दर्ज किया गया। इसके बाद के क्रम में पंख सहित बीज–टीपी (42 प्रतिशत) का स्थान रहा।

आंवला में पाला प्रबंधन में, आंवला पौधों को पाले की शुरुआत के दौरान सैलिसिलिक एसिड और हाइड्रोजन पेरोक्साइड के विभिन्न सांद्रता घोल का छिड़काव किया गया। विभिन्न एच2ओ2 छिड़काव स्थितियों के तहत एंटीऑक्सिडेंट रक्षा चयापचयों पर अवलोकन इंगित करता है कि कुछ समय तक आंवला में एच2ओ2 100एम के पाला आने से पूर्व–छिड़काव एक प्रभावी पाला प्रबंधन रणनीति हो सकती है। बेल में, विशेष बागवानी घटना जैसे कि तनाफलन, मेटाक्सेनिया और विविपरी देखी गई। बेल के पेड़ में मुख्य तने से लेकर एक साल पुरानी शाखाओं पर फलन देखा गया। पराग का स्रोत फल, बीज और फल की गुणवत्ता, आकार और स्टाइलर अंत गुहा पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालता है। विविपेरी जैसी एक असामान्य घटना भी बेल के एक जननद्रव्य में देखी गई। फलों के गूदे में बनने वाली गुहा अम्बर या शहद के रंग की चिपचिपी बहुत चिपचिपी या ग्लूटिनस (श्लेष्मा), पारभासी गूदे से भरी थी, जो थोड़ी मीठी और स्वादिष्ट खुशबूदार होती है। आम की केसर किस्म में कटाई–छंटाई के अध्ययन में अधिकतम फल उपज (42.20 किग्रा/पौधा), टीएसएस (20.20^0 ब्रिक्स) भी 3.5 मीटर ऊंचाई के पौधे में जिसमें 25 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि विस्तार था, में दर्ज की गई, जबकि फलोपज नियंत्रण में न्यूनतम (27.40 किग्रा/पौधा) दर्ज की गई। पश्चिमी भारत की वर्षा की अर्ध–शुष्क परिस्थितियों में बेल में फलों के झड़ने और धूप में झुलसने के प्रबंधन में, घास पलवार+ एनएए (15 पीपीएम)+ सूती कपड़े के द्वारा फल झड़न (94. 23 प्रतिशत), धूप में झुलसना (19.52 प्रतिशत) न्यूनतम और फल प्रतिधारण (3.45 प्रतिशत) अधिकतम दर्ज किया गया। इसके बाद घास पलवार+ एनएए (15पीपीएम)+ एस्कॉर्बिक एसिड (96.54, 24.50 और 3.03 प्रतिशत) का

In aonla frost management, aonla plants were sprayed with different concentrations of salicylic acid and hydrogen peroxide during onset of frost. The observation on antioxidant defense metabolites under different H_2O_2 spraying conditions indicates that onset of frost pre-spraying with100mM H_2O_2 might be an effective frost management strategy in aonla to some extent. In bael, special horticultural phenomenon such as cauliflory, metaxenia and vivipary were observed. Bael tree produced fruits from the main trunk to one year old shoots. The source of pollen exerted direct influence on the size, shape and styler end cavity of fruit, seed and quality of fruit. An unusual occurrence of vivipary was also observed in one of the bael germplasm. The cavity formed in fruit pulp were full of amber or honey coloured viscous, very sticky or glutinous (mucilage), translucent pulp, which is slightly sweet and feebly aromatic. In pruning studies in mango cv. Kesar, maximum fruit yield (42.20 kg/plant), TSS (20.20 ^{0}Brix) was also recorded in 3.5 m plant height + 25% annual growth extension while fruit yield was recorded minimum in control (27.40kg/plant). In bael for management of fruit drop and sunscald, the minimum fruit drop (94.23%) and sun scald (19.52%) and the highest fruit retention (3.45%) were recorded with grass mulch + NAA (15ppm) + course cotton cloth followed by grass mulch + NAA (15ppm) + ascorbic acid (96.54, 24.50 and 3.03%) under rainfed semi-arid conditions of western India. Evaluation of cluster bean varieties under hot arid conditions revealed that pod length and diameter varied from 3.77-10.5 cm and 5.20-6.63 cm, respectively. Plant height at maturity ranged from 52.34-108.26 cm among the varieties. Based on overall performance variety 'Thar Bhadavi' was found best for cultivation under hot arid conditions.

क्रम रहा। गर्म शुष्क परिस्थितियों में ग्वारफली की किस्मों के मूल्यांकन से पता चला है कि फली की लंबाई और व्यास में क्रमशः 3.77–10.5 सेमी और 5.20–6.63 सेमी तक की भिन्नता थी। विभिन्न किस्मों के मध्य परिपक्वता के समय पौधों की ऊंचाई 52.34 से लेकर 108.26 सेमी के मध्य दर्ज की गयी। समग्र प्रदर्शन के आधार पर 'थार भादवी' को गर्म शुष्क परिस्थितियों में खेती के लिए सर्वश्रेष्ठ पाया गया।

स्वस्थाने द्विशाखा कलिकायन के द्वारा कागजी नींबू में चंदवा में सुधार के प्रयोग में पता चला कि पौधे की ऊंचाई, चंदवा फैलाव, चंदवा घनत्व, और प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक शाखाओं की संख्या एकल कलिकायन की तुलना में द्विशाखा कलिकायन पौधों में अधिकतम रही। एकल कलिकायन पौधों की तुलना में द्विशाखा कलिकायन पौधों में क्लोरोफिल ए, बी और कुल क्लोरोफिल और कुल कैरोटेनॉयड्स अधिकतम देखे गए। एकल शाखा कलिकायन पौधों में एफवी/एफएम अनुपात अधिक (0.872) देखा गया, जबकि यह द्विशाखा कलिकायन पौधों में कम (0.786) था। गर्म शुष्क क्षेत्र के तहत मेंडारिन की नयी अंतर्विशिष्ट संकर किस्म 'फ्रेमोंट' के विभिन्न मूलवृंतों पर प्रवेशन और मूल्यांकन में पाया गया कि पेक्टिनिफेरा मूलवृंत में, छोटा आकार, अनुकूलता सूचकांक, प्रौद्योगिकी सूचकांक और फलों के गुणवत्ता के मापदंडों में जैसे रस प्रतिशत, कुल घुलनशील ठोस, एस्कॉर्बिक एसिड, पकने वाले सूचकांक और स्वादाकार अंकों, आदि रफ लेमन, खरना खट्टा और ट्रॉयर किस्मों के मूलवृंन्तों की तुलना में बेहतर था। पश्चिमी राजस्थान के शुष्क क्षेत्र में संतरे की किस्मों के प्रदर्शन के मूल्यांकन में, सतगुड़ी किस्म अन्य किस्मों की तुलना में बहुत बेहतर रही।

तर–ककड़ी में अगेती व बिना मौसम के फसल लेने के लिए लो–टनल में उत्पादन के प्रयोग में पता चला है कि 20 दिसंबर को पॉलीथिन कवर के साथ बुवाई में सबसे अधिक पैदावार और फलने की अवधि दर्ज की गई थी, इसी दिन मोटे कपड़े के कवर में की गयी बुवाई का क्रम इसके बाद का रहा। सामान्य मौसम की तुलना में बुवाई की पहली दो तारीखों के साथ फसल में 30 दिन पहले आयी, जिससे इसमें अधिक आय दर्ज की गयी।

गर्म शुष्क पारिस्थितिकी में बेर उत्पादन प्रणाली प्रबंधन में, बेर किस्मों (गोला, थाई, गोमा कीर्ति और थार सेविका) में विकास और उपज मानकों पर विभिन्न कटाई–छंटाई प्रणालियों (वाई–आकार, लताकुंज, टेलीफोन और नियंत्रण) का बहुत प्रभाव देखा गया। प्रति पौधा फलों

Improvement of canopy framework in kagzi lime through *in-situ* double shoot bud-grafting showed that the plant height, canopy spread, canopy volume and number of primary, secondary and tertiary branches were observed maximum on double shoot bud-grafted plants as compared to single bud-grafting. The chlorophyll a, b and total chl and, total carotenoids were observed maximum in double shoot bud-grafted plants as compared to single shoot bud-grafted plants. The Fv/Fm ratio was observed high in the single shoot bud-grafted plants (0.872) while it was low in double shoot bud-grafted plants (0.786). Introduction and evaluation of new inter specific hybrid of mandarin cv. Fremont on different rootstocks under hot arid region showed that the Pectinifera rootstocks were found most dwarfing, compatibility index, technology index and fruit quality parameters like juice percentage, total soluble solid, ascorbic acid, ripening index and organoleptic score etc as compared to Rough lemon, Kharna Khatta and Troyer rootstocks. In performance evaluation of sweet orange varieties in arid region of western Rajasthan, Satgudi was found significantly superior performer variety as compared to other varieties.

In low tunnel cultivation of long melon for early and off-season production showed that sowing on 20th December with polythene covering recorded the highest yield and fruiting duration followed by the sowing on same date with non-woven cloth covering. An advancement of 30 days was recorded with first two dates of sowing as compared to normal season which fetches higher price in the market.

In production system management in ber under hot arid ecosystem, ber varieties (Gola, Thai, Goma Kirti & Thar Sevika) were significantly influenced by different training systems (Y shape, espalier, telephone & control) with growth and yield parameters. Fruit yield plant^{-1} was recorded maximum (23.25 kg) in Gola followed by Goma Kirti (20.75 kg) and Thai (19.0 kg) while, training system espalier was better in variety Gola and Goma Kirti and Y shape in Thai and Thar Sevika. Thai ber variety was evaluated at different

की पैदावार गोला किस्म में अधिकतम (23.25 किग्रा) दर्ज की गई, उसके बाद गोमा कीर्ति (20.75 किग्रा) और थाई (19.0 किग्रा) का क्रम रहा, जबकि कटाई–छंटाई की दूसरी प्रणाली लताकुंज में किस्म गोला और गोमा कीर्ति का प्रदर्शन बेहतर था और थार सेविका तथा थाई किस्म वाई आकार प्रणाली में बेहतर दर्ज की गयी। थाई बेर किस्म को विभिन्न अंतरालों (6 ×6, 6×3 तथा 3×3 मी) पर मूल्यांकित किया गया और वृद्धि और फलों की पैदावार के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि अधिक अंतराल की अपेक्षा कम अंतराल (3 ×3 मी) के वृक्षारोपण में अधिकतम पौधे की ऊंचाई (1.40 मीटर) और सबसे कम तना व्यास (3.79 सेमी) के साथ–साथ पौधे फैलाव (2.40 मीटर पू–प और 2.41 मीटर उ–द) दर्ज किया गया, जबकि, इसी अंतराल (3×3 मी) में उपज (9.0 किग्रा) न्यूनतम दर्ज की गई। अधिकतम उपज अधिक अंतराल के पौधरोपण खण्ड से (81 किग्रा 144 वर्ग मीटर से) में दर्ज की गयी।

फसल कायिकी, जैव-रसायन और जैव-प्रौद्योगिकी

केबापके, गोधरा द्वारा खिरनी के कुल 10 जननद्रव्यों एकत्र कर उनका आरएपीडी मार्करों के माध्यम से आणविक लक्षण वर्णन किए गए। परिणामों से पता चला है कि अभिवर्धक सीएचईएसके– 5 अन्य सभी से संबंधित देखा गया। शेष अभिवर्धकों को दो प्रमुख समूहों में बांटा जा सकता है। पहले समूह में 3 अभिवर्धक यथा–सीएचईएसके 1, सीएचईएसके 9 और सीएचईएसके 10 शामिल हैं। अन्य सभी दूसरे समूह में आते हैं। इमली में, 11 आरएपीडी मार्करों का उपयोग करते हुए 11 किस्मों को आणविक रूप से चित्रित किया गया। वर्तमान अध्ययन में परीक्षण की गयी किस्में / अभिवर्धक में एक विस्तृत आनुवंशिक विविधता दर्ज की गई। लाल प्रकार की इमली अन्य सभी किस्मों /अभिवृद्धों से दूर से संबंधित थी। अजंता, प्रतिष्ठान पीकेएम 1 और टी 263 ने निकट की आत्मीयता दिखाई। अन्य किस्मों में आपस में दूर का रिश्ता देखा गया। नींबूवर्गीय फसलों की किस्मों में पादपजननिक संबंध प्रकट करने के लिए नारंगी, मेंडारिन, ग्रेपफ्रूट और उनके अंतर–विशिष्ट संकर सहित नीबूवर्गीय उन्नीस प्रकारों को तटस्थ (आरएपीडी और आईएसएसआर) और कार्यात्मक (एसओओटी और सीबीडीपी) मार्करों का उपयोग करके आणविक रूप से चित्रित किया गया। यूपीजीएमए और जैकार्ड के समान गुणांक का उपयोग करके समूह विश्लेषण के आधार पर, नींबूवर्गीय फलों की खेती को चार समूहों में वर्गीकृत किया गया है। इसके अलावा, नींबूवर्गीय फसलों की

spacings (6 x6 m 6x3 & 3x3m) and preliminary data of growth and fruit yield were explicated that the closer spacing (3x3 m) plantation recorded maximum plant height (1.98 m) and least stem diameter (3.79 cm) as well as plant spread (2.40 m EW & 2.41 m NS) over wider spacings while, same spacing i.e. 3x3 m also recorded minimum yield plant^{-1} (9.0 kg) but higher in yield plot^{-1} (81 kg from 144 sq.m area).

Crop Physiology, Biochemistry and Biotechnology

A total of 10 germplasm of Khirni were collected from CHES, Godhra and molecular characterization was carried out using RAPD markers. The results demonstrated that accession CHESK 5 was distantly related to all others. The remaining accessions can be grouped into two major groups. The first group comprises of 3 accessions viz. CHESK 1, CHESK 9 and CHESK 10. All others fall in second group. In tamarind, 11 varieties were molecularly characterized using 11 RAPD markers. A wide genetic diversity was recorded in the varieties/ accessions studied in present study. The Red type of tamarind was distantly related to all other varieties/ accessions. Ajanta, Pratisthan PKM 1 and T263 showed closed affinity. Other varieties showed distant relationship among themselves. In order to reveal phylogenetic relationship in citrus cultivars, nineteen cultivar of citrus including sweet orange, mandarin, grapefruit and their inter-specific hybrids were molecularly characterized using neutral (RAPD and ISSR) and functional (ScoT and CBDP) markers. Based on the clustering analysis using UPGMA and Jaccard's similarity coefficient, the citrus cultivars classified into four groups. Furthermore, the population structure analysis of citrus cultivars revealed different population by individual marker analysis. In tissue cultured date palm evaluation, plant heights in cvs Halawy and Khalas were recorded 56.57 and 60.88 cm, respectively. Number of fully expanded leaves in both the cultivars was varied from 4-9 and 6-11, respectively. Average plant spread (NS and EW) in cultivar Halawy was noted

जनसंख्या संरचना विश्लेषण में एकल मार्कर विश्लेषण द्वारा अलग–अलग संख्याओं का पता चला। ऊतक संवर्धित खजूर के मूल्यांकन में, हलावी और खलास किस्मों में पौधे की ऊँचाई क्रमशः 56.57 और 60.88 सेमी दर्ज की गई। दोनों किस्मों में पूरी तरह से विस्तारित पत्तियों की संख्या क्रमशः 4–9 से लेकर 6–11 तक पायी गयी। हलावी किस्म में औसत पौध फैलाव (उ–द और पू–प.) 60.86 और 61.43 सेमी, जबकि खलास में यह 55.13 और 60.25 सेमी दर्ज किया गया।

खेजड़ी (जंगली और थार शोभा), आंवला (एनए–7 और चकैया) और सल्वाडोरा की पत्तियों में जनवरी से दिसंबर के मध्य प्रतिऑक्सीकारी रक्षा मेटाबोलाइट्स के संचय में मौसमी बदलावों का पता लगाया गया। विभिन्न महीनों के दौरान अध्ययन किए गए सभी पौधों में प्रतिऑक्सीकारी मेटाबोलाइट संचय (कुल फिनोल, फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सिडेंट गतिविधि) में एक महत्वपूर्ण अंतर देखा गया, लेकिन खेजड़ी और सल्वाडोरा में भिन्नता की सीमा बहुत अधिक थी, जबकि आंवला में भिन्नता की सीमा बहुत कम थी। चूँकि, खेजड़ी और सल्वाडोरा अजैविक तनावों के प्रति अत्यधिक सहिष्णु हैं, जबकि आंवला पाले के प्रति अतिसंवेदनशील है, इसलिए इन आंकड़ों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि गर्मी और सर्दियों के महीनों के दौरान विभिन्न तनाव की स्थितियों में खेजड़ी और सल्वाडोरा की प्रतिऑक्सीकारक प्रतिक्रियाएं उन कारक में से एक हो सकती हैं। जिजिफस नुमुलेरिया में सूखा सहिष्णु तंत्र को समझने के लिए एराबिडोपसिस और जिजिफस जुजुबे से 25 सूखा सहिष्णु जीनों को का चयन किया गया। फोग पर्णसमूह में जैव सक्रिय यौगिकों के आकलन से जैव सक्रिय यौगिकों के संचय में मौसमी बदलाव का पता चला। एफआरएपी विधि द्वारा टीएए को छोड़कर पूरे युग्मकों में निम्नतम और उच्चतम मूल्यों में उतार–चढ़ाव दोगुना से अधिक है। सभी जैव सक्रिय यौगिकों (फेनोलिक्स, फ्लेवोनोइड्स और टीएए) के बीच एक बहुत ही सकारात्मक सहसंबंध का विश्लेषण किया गया। एलसी–एमएस/एमएस के द्वारा फोग *(केलिगोनम पोलिगोनॉइड्स)* के विभिन्न पौध भागों में प्रमुख फेनोलिक एसिड की पहचान और मात्रा से पता चलता है कि फूलों की कलियों में क्लोरोजेनिक एसिड प्रमुख फेनोलिक एसिड है, इसके बाद कैटेचिन, गैलिक एसिड, क्वेरसेटिन और कोमेरिक एसिड होते हैं, जबकि पत्ते, छाल और जड़ों में कैटेचिन प्रमुख फेनोलिक एसिड है, जिसके बाद गैलिक एसिड होता है। छाल में इन फेनोलिक एसिड के अलावा एपिकेटचिन भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इन फेनोलिक एसिड का पोषणोषधीय

60.86 and 61.43 cm while in Khalas 55.13 and 60.25 cm.

Seasonal changes in accumulation of antioxidant defense metabolites was estimated in *khejri* (Wild and Thar Shobha), Aonla (NA-7 & Chakaiya) and salvadora leaves from January to December. A significant difference was observed in antioxidant metabolite accumulation (total phenol, flavonoids and antioxidant activity) in all plants studied during different months but the extent of variation was very wide in *khejri* and salvadora while in aonla the extent of variation was very narrow. Since, *khejri* and salvadora are highly tolerant to abiotic stresses while aonla is highly susceptible to frost so from these data it can be concluded that the antioxidant responses of *khejri* and salvadora towards different stresses conditions during summer and winter months might be one of the factor contribute to their tolerance to different abiotic stresses. In *Ziziphus nummularia*, 25 drought tolerant genes selected from *Arabidopsis* and *Z. jujube* were amplified for understanding the drought tolerance mechanism. The estimation of bioactive compound in phog foliages revealed seasonal variation in accumulation of bioactive compound. The fluctuation in lowest and highest values are more than double for the entire compound except TAA by FRAP method. A very highly positive correlation was observed among all bioactive compounds (phenolics, flavonoids and TAA) analyzed. Identification and quantification major phenolic acids in different plant parts of phog (*Calligonum polygonoides*) through LC-MS/MS showed that in flower buds, chlorogenic acid is major phenolic acids followed by catechin, gallic acid, quercetin and coumaric acid while in foliage, bark and roots; catechin is the major phenolic acid followed by gallic acid. Other than these phenolic acids in bark epicatechin is also found in good quantity. These phenolic acids has very good applications in pharmaceuticals and functional foods industry.

और कार्यात्मक खाद्य उद्योग में बहुत अच्छे उपयोग किया जाता हैं।

समेकित जल एवं पोषण प्रबंधन

काचरी में पोषक तत्वों के प्रबंधन में, पोषक तत्वों के जैविक और अजैविक स्रोतों के अनुप्रयोग में नियंत्रण की तुलना में वृद्धि मापदंडों और उपज में बहुत वृद्धि हुई। अजैविक उर्वरकों से 50 प्रतिशत एनपीके के प्रयोग और 15 टन /हेक्टेयर गोबरखाद के द्वारा उच्चतम उपज (122.88 क्विंटल/हेक्टेयर) दर्ज की गयी। ग्वारफली में, 60 किलोग्राम नत्रजन/हेक्टेयर के प्रयोग और राइजोबियम जैव उर्वरक के साथ बीजोपचार ने 60 किग्रा. नत्रजन/हेक्टेयर की तुलना में सबसे अधिक सब्जी फली की उपज का उत्पादन किया। राइजोबियम उपचार के बिना अधिकतम सब्जी अनाज की उपज राइजोबियम उपचार के साथ प्राप्त की गई थी। मतीरा में जिंक, लौह, मेग्निशियम, कॉपर सल्फेट जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को पौधरोपण के समय बूंद–बूंद सिंचाई प्रणाली के अंतर्गत 15 किग्रा./हेक्टेयर के हिसाब से देने पर अधिकतम संख्या में फल प्राप्त किए गए, जिसके बाद जिंक+लौह सल्फेट 15 किग्रा/हेक्टे. का क्रम रहा। नियंत्रण उपचार की तुलना में 100 पीपीएम बोरान का 25, 35 और 45 दिनों में पर्णीय छिड़काव ने 40 दिनों में अधिक संख्या में फल दिए, इसके बाद 25, 35 और 45 दिनों में 50 पीपीएम बोरॉन और रोपण के समय 6 किलोग्राम /हेक्टेयर बोरेक्स मिट्टी के प्रयोग का क्रम दर्ज किया गया।

किन्नौ में माइक्रोबियल आबादी पर विभिन्न आईएनएम उपचारों का प्रभाव में पता चला है कि विभिन्न उपचारों में बैक्टीरियल आबादी 5 से 41×10^5 घन ग्रा.–1 सूखी मिट्टी, 1.4 से 4.8 ×10^5 घन ग्रा.–1 सूखी मिट्टी में कवक और 18–25 × 10^5 घन ग्रा.–1 मिट्टी से एक्टिनोसाइसेस की है। दोनों तरह की गहराईयों में माइक्रोबियल की कुल आबादी नियंत्रण उपचार में न्यूनतम थी और जहां गोबर खाद के साथ एनपीके के निर्धारित मात्रा दी गयी थी वहां, फलों की पैदावार उल्लेखनीय रूप में अधिकतम थी। विभिन्न सूक्ष्म जीवाणुओं की कुल व एकल आबादी जैव उर्वरकों एवं एफवाईएम के प्रयोग से बढ़ी थी। एनपीके+गोबरखाद + पीएसबी +एजोटोबेक्टर +वीएएम उपचार के प्रयोग द्वारा अधिकतम पैदावार (20.50 ट/हेक.) दर्ज की गई और नियंत्रण उपचार में पैदावार सबसे कम (7.00 ट/हेक.) दर्ज की गई। खजूर में सिंचाई के समय के निर्धारण के मानकीकरण से पता चला है कि 100 और 75 प्रतिशत ईटी$_{सी}$ में बरही और खलास किस्मों में पौधों की ऊँचाई (250 सेमी.), फैलाव (145□150 सेमी)

Integrated Water and Nutrient Management

In kachri nutrient management, application of organic and inorganic sources of nutrients significantly increased growth parameters and yield as compared to control. Application of 50% NPK from inorganic fertilizers and 15 t/ha FYM gave the highest yield (122.88 q/ha). In cluster bean, application of 60 kg N/ha and seed inoculation with *Rhizobium* biofertilizer produced highest vegetable grain yield as compared to 60 kg N/ha application. Maximum vegetable grain yield was obtained with *Rhizobium* as compared to without *Rhizobium* treatment. In mateera, application of Zn, Fe, Mn and Cu sulphate micronutrient under drip system @ 15 kg/ha each at the time of planting was found superier and gave maximum number of fruits followed by Zn+Fe Sulphate @ 15 kg/ha. Application of 100 ppm boron foliar application at 25, 35 and 45 days gave higher number of fruit at 40 DAS followed by 50 ppm boron foliar application at 25, 35 and 45 days and 6 kg/ha borax soil application at time of planting as compared to control.

Effect of different INM treatments on microbial population of kinnow, showed that bacterial population in different treatments ranged from 5 to 41 x10^5 cfu g^{-1} dry soil, fungal from 1.4 to 4.8 x10^5 cfu g^{-1} dry soil and actinomycetes from 18-25 x 10^5 cfu g^{-1} soil. Total microbial population was minimum in the absolute control and significantly highest was in the treatment where recommended dose of N, P and K was associated with FYM and consortium of biofertilizers at both the depths. Total population as well as individual population of different microorganism increased with involvement FYM and consortium of biofertilizers. The maximum fruit yield (20.50 t/ha) was recorded in RDF of N, P, K + FYM + PSB + Azotobactor + VAM treatment and minimum (7.00 t/ha) yield was estimated in control treatment. Standardization of irrigation scheduling in date palm, revealed that 100 and 75 % of ETc gave the maximum plant height (250 cm), spread (145 x 150 cm) in cultivar Barhee and Khalas. In Khalas cultivar, maximum spathe per plant (6) was recorded in 1.00 ETc irrigation level

दर्ज किया गया। खलास किस्म में प्रति पौधा अधिकतम शाखा (6) 1.00 ईटीसी सिंचाई स्तर में और न्यूनतम (2) 50 प्रतिशत ईटीसी सिंचाई स्तर में दर्ज किया गया था। सिंचाई के 8 घंटे बाद अधिकतम नमी (5.50 प्रतिशत) 45 सेमी गहराई पर दर्ज की गई।

फसल संरक्षा

गर्म–शुष्क फल और सब्जी फसलों के लिए एकीकृत कीट प्रबंधन रणनीतियों को प्रतिस्थापित करना हमारे अनुसंधान परीक्षणों का एक मात्र उद्देश्य है। उत्तर–पश्चिम भारत के गर्म शुष्क क्षेत्र में केर के पौधे पर तितली कीट देखा गया जिसकी *बेलनोइस ऑरोटा* के रूप में पहचान हुई। सर्दियों के महीनों (नवंबर से जनवरी) में इसका प्रकोप और सर्वाधिक संख्या अधिक थी। दिसंबर के पहले पखवाड़े में 86.67 प्रतिशत के साथ अधिकतम और सितंबर के पहले पखवाड़े में 11.67 प्रतिशत न्यूनतम प्रकोप दर्ज किया गया। *एच. आर्मगेरे* एक पॉलीफेगस कीट है और हाल के वर्षों में कद्दूवर्गीय फसलों के लिए यह गंभीर समस्या बनता जा रहा है जो फूलों और फलों को नुकसान पहुंचाता है। फलों के मोटे भागों में बड़े लार्वा छिद्र करके उसमें घुस जाते हैं। तोरई के फलों में इसके आक्रमण की आशंका सबसे अधिक होती है, जो कच्चे फलों से शुरू होकर फलों की परिपक्वता तक होती है। इसके बाद चिकनी तोरई, लौकी, तरबूज, खरबूजा, फूटककड़ी और तर ककड़ी को इस कीट के प्रति सहिष्णु के क्रम में देखा गया। घुन कीट *तेनुपीलपस पुनीके* के प्रकोप के प्रति अनार की 73 प्रजातियों में प्रारंभिक जांच की गई, और प्रकोप के प्रतिशत में उल्लेखनीय अंतर पाए गए। अनार की जिन प्रजातियों पर अध्ययन किया था उनमें से स्पीन सैकारिन, बेसिन सीडलेस, गुले शाह रोज पिंक में इसका प्रकोप बहुत कम पाया गया। इसका प्रकोप उल्लेखनीय रूप से कजाकी अनार, बेसिन सीडलिंग, बेदाना सूरी और आईसी–318712 में अधिक देखा गया था।

खरबूजा में फ्यूसैरियम विल्ट के प्रबंधन में, अधिकतम प्रतिशत रोग सूचकांक (12.40–31.78 प्रतिशत) को औसत अधिकतम तापमान (37.6°से.), न्यूनतम तापमान (21.5°से.), औसत अधिकतम (44.3 प्रतिशत) और न्यूनतम आर्द्रता (18.7 प्रतिशत), हवा का वेग (6.5 किमी/घंटा), वाष्पीकरण (10.3), बीएसएसएच (प्रति दिन 9.0 घंटे सूरज की चमक) और वर्षा (0.0 मिमी) 2018 के 16 वें मानक सप्ताह में खरबूजा की मस्केलमोन जीनोटाइप्स में दुर्गापुरा मधु, आरएम –50, एमएम –8, काशी मधु, एएचएमएम/बीआर –46, एएचएमएम / बीआर –48 और एएचएमएम /बीआर–52 में पाया गया। तोरई में मोजेक रोग के

and minimum (2) in 50% ETc irrigation level. The maximum moisture (5.50%) was recorded at 45 cm depth after 8 hrs of the irrigation.

Crop Protection

The research proposal is aimed to recognize the integrated pest management strategies for hot-arid fruit and vegetable crops. The butterfly was observed on ker plant in the hot arid region of north-western India and identified as *Belenois aurota*. The incidence and the numbers were higher in winter months (November to January) and the maximum incidence of 86.67 per cent was recorded in first fortnight of December and the minimum 11.67 per cent in first fortnight of September. *H. armigera* is a polyphagous and serious pest of cucurbits in recent years and damaging flowers and fruits of plants. Larger larvae tend to burrow holes through thick areas of fruits. Ridge gourd fruits are most susceptible to injury, starting from young fruit to maturity of fruits then followed by sponge gourd> bottle gourd> watermelon> muskmelon> long melon> snap melon. The 73 pomegranate cultivars were taken for preliminary screening against mite, *Tenuipalpus punicae* and significant differences were found in percentage infestation. The pomegranate cultivars under study indicated significantly very low incidence in Speen Sacarin, Bassin Seedless and Gul-e-Shah Rose Pink. Significantly greater incidence of mite was registered in Kajaki Anar, Basin Seedling, Bedana Suri and IC-318712.

In management of *Fusarium* wilt in muskmelon, maximum per cent disease index (12.40-31.78%) was found at average maximum temperature (37.6°C), minimum temperature (21.5°C), av. maximum RH (44.3%) and minimum RH (18.7%), with wind velocity (6.5 km/h), evaporation (10.3), BSSH (9.0 hours sun shine per day) and rainfall (0.0 mm) on 16th standard week of 2018 in muskmelon genotypes Durgapura Madhu, RM-50, MM-8, Kashi Madhu, AHMM/BR-46, AHMM/BR-48 and AHMM/BR-52. In management of mosaic disease in ridge gourd, among 11 treatments, imidacloprid (0.05%) was

प्रबंधन में कुल 11 उपचारों में से इमिडाक्लोप्रिड (0.05 प्रतिशत) के उपचार को सबसे प्रभावी पाया गया जिसमें न्यूनतम बीमारी सूचकांक 16.67 प्रतिशत और प्रतिशत बीमारी में कमी (61.48 प्रतिशत) रही। अगला सबसे अच्छा इलाज नीम के पत्तों का अर्क (10 प्रतिशत) प्रतिशत रोग सूचकांक (20.42 प्रतिशत) और प्रतिशत रोग में कमी (52.82 प्रतिशत) दर्ज की गई, इसके बाद तुंबा फलों का अर्क 10 प्रतिशत के हिसाब से (22.36 प्रतिशत प्ररोसू. और 48.34 प्रतिशत रोग में कमी) प्रभावी पाया गया।

फसलोपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन

स्वीट पोटेटो–1 Sweet potato-1	3.50	25.30	73.60
स्वीट पोटेटो–एसटी–14 Sweet potato ST-14	3.80	35.90	90.90
स्वीट पोटेटो सीओ 4–3 Sweet potato CO 4-3	3.80	36.10	88.10
स्वीट पोटेटो गौरी Sweet potato Gowry	3.80	36.10	88.10
लोकल–1 Local-1	3.65	30.60	82.25
मध्यमान Mean	3.71	32.80	84.59

फसल सुधार

थाई बेर का संकरण

श्रेष्ठ संतति प्राप्त करने के लिए थाई बेर में संकरण किया गया। उस पारस्परिक संयोग के स्थान पर रेशमी (उच्च टीएसएस के लिए), काठाफल (आकर्षक रंग के लिए) के संयोजन के साथ–साथ थाई बेर में स्वपरागण की कोशिश की गई। प्रतिवेदन अवधि के दौरान कुल 578 संयोग किए गए और जिनमें से 3.11 प्रतिशत सफलता परिपक्व फलों /गुठली के प्रतिधारण के रूप में मिली। थाई बेर की पाला संवेदनशीलता के कारण इस वर्ष प्रयोग सामग्री आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त (17–18 दिसंबर 2018) हो गई।

उन्नत अनार जननद्रव्य

अनार जननद्रव्यों के मूल्यांकन में, खाने के रूपमें, अनारदाना, मूलवृंत के उद्देश्य से और अनार के सुधार के लिए प्रजनन सामग्री के रूप में पांच चयन किए गए (चित्र 24)।

1- lhvkbZ,,pih th&1 % इसमें 220–254 ग्रा, वजन फल, तीसरे वर्ष 7.5 किग्रा/पौधा उपज, फल रंग

CROP IMPROVEMENT

Hybridization in Thai ber

Hybridization in Thai ber was carried out to obtain superior progenies. In lieu of that reciprocal cross combinations were tried with Reshmi (for higher TSS), Kathphal (for attractive colour) as well as selfing in Thai ber. During the reporting period total 578 crosses were made and out of which 3.11 per cent success got in form of retention of mature fruits/stone. This year, experiment materials was partially damaged (17-18 Dec. 2018) due to frost susceptibility of Thai ber.

Promising pomegranate germplasm

In evaluation of pomegranates germplasm, five selections have been made for table, anardana, rootstock purpose and as breeding material for improvement of pomegranate (Fig. 24).

1. CIAH PG-1: It has fruit of weight 220-254 g, fruit yield on third year 7.5 kg/plant, fruit light redish in colour, aril colour bright red and very bold

में हल्के लाल रंग के, दाने चमकीले लाल रंग और बहुत बड़े 34.50ग्रा./100 दाने, दानों की लम्बाई 33.38 मिमी, चौड़ाई 8.82 मिमी, बीज कठोर, उच्च अम्लता, टीएसएस 16.20^0 ब्रिक्स दर्ज किए गए। इसे उच्च उपज के कारण अनारदाना अधिक अनारदाना वसूली और उच्च अम्लता के लिए अत्यधिक उपयुक्त पाया गया।

2- lhvkbZ,,pihth&2 % पौधा छोटा, सदाबहार, लाल रंग का फल, फल वजन 160–195 ग्रा., मीठा दाना, रंग में चमकीला लाल, नरम बीज, टीएसएस 15.3^0 ब्रिक्स, अम्लता 0.71 प्रतिशत और रस 3.3 प्रतिशत। यह खाने के उद्देश्य के लिए उपयुक्त पाया जाता है।

3- lhvkbZ,,pihth&3 % इसमें फल का वजन 225–260 ग्रा., हल्का गुलाबी रंग के दाने, बीज सख्त और तुड़ाई के समय बहुत आकर्षक मुकुट रूप होता है, जो एक सकारात्मक गुण है और अनार में फल के आकार में सुधार के लिए प्रजनन सामग्री के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

4- lhvkbZ,,pihth&4 % इसमें फलों का वजन 80–125 ग्रा., गहरे बैंगनी रंग के फल, हल्के बैंगनी रंग के दाने और हल्के मीठे और सख्त दाने होते हैं। इसे अनार के फलों के रंग में सुधार के लिए प्रजनन सामग्री के रूप में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

5- lhvkbZ,,pihth&5 % इसमें सकर्स बहुत कम संख्या में निकलते हैं, बहुत कम या कोई कांटा नहीं है, फल नहीं लगते और प्राकृतिक रूप से बौना है। इसे अनार में मूलवृंत के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

arils 34.50g /100 arils, aril length 11.38 mm, width 8.82 mm, seed hard, high acidity, TSS 16.20 °Brix. It found highly suitable for anardana purpose due to high yield, more anardana recovery and high acidity.

2. CIAH PG-2: Plant is dwarf, evergreen, fruits red in colour, fruit weight 160-195 g, aril sweet, bright red in colour, seed soft, TSS 15.3 °Brix, acidity 0.71 % and juice 50.3 %. It is found suitable for table purpose.

3. CIAH PG-3: It has fruit weight 225-260 g, arils colour light pink, seed hard and very attractive crown at harvest, which is an positive character and can be used as breeding material for improvement of pomegranate fruit shape.

4. CIAH PG-4: It has fruit weight 80-125 g, fruit colour dark purple, arils colour light purple and slightly sweet and hard arils. It can be used as breeding material for improvement of pomegranate fruit colour.

5. CIAH-PG-5: It produces very less number of suckers, have very less or no spines, produce no fruits and dwarfing in nature. It can be used as rootstock in pomegranate.

सीआईएएचपीजी–1 CIAH PG-1

सीआईएएचपीजी–2 CIAH PG-2

सीआईएएचपीजी–3 CIAH PG-3

सीआईएएचपीजी–4 CIAH PG-4

चित्र 24. उन्नत अनार जननद्रव्य Fig. 24. Promising pomegranate germplasm

अमरूद में संकरण और मूल्यांकन

अगस्त, 2018 के दौरान सफेद गूदे के थाई अमरूद और लाल गूदे के सीएचईएसजी–15 के बीच सफल पारस्परिक संयोग कराया गया और दिसंबर माह में पके फलों से बीजों को निकाला गया। फरवरी, 2019 के दौरान थाई अमरूद और बैंगनी अमरूद के बीच भी पारस्परिक संयोग कराया गया था। थाई अमरूद में किए गए पांच संयोगों में से, तीन फूलों में फल बनने में सफलता मिली जबकि, बैंगनी अमरूद में एक फूल में फल बना जो बाद में झड़ गया। सीएचईएसजी–28 × ललित की एफ1 संतति, जिसे जनवरी 2017 के दौरान तैयार किया और अगस्त, 2017 में लगाया गया था, में 19 पौधों में से 8 पौधों में फूल और फलों लगना आरंभ हुआ।

वुड एफल की विकसित किस्म

थार गौरव (सीएचईएसडब्लू-4)

इसे चयन विधि के माध्यम से विकसित किया गया। यह घनी छत्रछाया का समयपूर्व फलने वाला है, और चौथे वर्ष में फलना शुरू करता है। पश्चिमी भारत के वर्षा आधारित परिस्थितियों में बड़े फल आकार (452.25 ग्रा.) के साथ इसमें बेहतर भंडारण क्षमता है। इसका उपयोग सीधे खाने में और अचार, आरटीएस, चटनी और पाउडर जैसे मूल्य संवर्धित उत्पादों के लिए किया जाता है। यह सूखा सहिष्णु है और विपरीत कृषि–जलवायु स्थिति में भी आर्थिक उपज देने में सक्षम है। पूरी तरह से पके फल मनभावन सुगंध का उत्सर्जन करते हैं। यह नवंबर के महीने में परिपक्व होता है। वर्षा आधारित परिस्थितियों में यह 12 वें वर्ष में उच्च उपज 124.36 किग्रा/पौधा देता है। फल पेक्टिन (1.76 प्रतिशत) और प्रोटीन (लुगदी, 18.13 प्रतिशत और बीज, 24.38 प्रतिशत), फॉस्फोरस (0.07प्रतिशत), पोटेशियम (1.73 प्रतिशत), कैल्शियम (0.30 प्रतिशत) और लोहा (16.72मिग्रा) जैसी सामग्री से समृद्ध है।

लसोड़ा

उन्नत लसोड़ा जननप्रकार एल-9 की पहचान

लसोड़ा के एक उन्नत जननप्रकार पहचान की गई जिसमें अत्यंत बड़े भरपूर गूदा के फल, गुठली छोटी, आकार में गोल, पकने पर स्वाद में बहुत मीठा, चिकनी सतह के साथ में हल्के हरे, गुच्छों में लगते हैं (चित्र 25)। औसत फल/गुच्छा 17.8 दर्ज किए गए। फलों का वजन और परिधि क्रमशः 13.90 से लेकर 20.94 ग्रा. और 2.92 से लेकर 3.44 सेमी दर्ज किया गया। औसत फल लंबाई 2.97 सेमी और छिलका:लुगदी:गुठली का अनुपात औसतन 1.48: 6.77: 0.63 मापा गया।

Hybridization and evaluation in guava

Reciprocal crosses were made between white fleshed Thai guava and red fleshed CHESG-15 during August, 2018 successfully and seeds from ripened fruits were harvested in the month of December. Reciprocal crosses were also made between Thai guava and Purple guava during February, 2019. Out of five crossed flowers in Thai guava, fruit setting was successful in three flowers while in Purple guava fruit setting was observed in one flower which was dropped later. F1 progeny of CHESG-28 × Lalit was raised during January 2017 and planted in August, 2017 started flowering and fruit setting in 8 plants out of 19 plants.

Identified variety of wood apple

Thar Gaurav (CHESW-4)

It developed through selection method. It is precocious bearer having dense canopy and starts bearing in 4th year. It has bigger size fruit (452.25g) with better self life under rain-fed conditions of western India. It is used as table purpose and for value added products like pickle, RTS, chutney and powder. It is drought hardy and capable to give economic yield during aberrant agro-climate condition. Fruits emits strong pleasing aroma at full maturity. It matures in month of November. It gives high yield 124.36 kg/plant in 12th year under rain fed semi-arid condition. The fruit is rich in pectin (1.76%) and protein (pulp, 18.13% and seed, 24.38%), phosphorous (0.07%), potassium (1.73%), calcium (0.30%) and iron (16.72mg) content.

Lasoda

Identification of promising lasoda genotype L-9

Identified one promising genotype of lasoda *i.e.* extra large having more pulp content, stone content is very low, round in shape, very sweet in taste at ripening, light green in colour with waxy surface, bearing in bunches (Fig. 25). The average fruit/bunch was recorded 17.8. Fruit weight and dia. were ranged from 13.90- 20.94 g and 2.92-3.44 cm, respectively. The average fruit length was measured 2.97 cm and average peel: pulp: stone ratio was 1.48: 6.77: 0.63.

चित्र 25 . लसोडा एल–9 के हरे, बड़े और परिपक्व फल
Fig. 25. Green, mature and ripened fruits of lasoda L-9

टिण्डा (*प्रेसीट्रूलस फिस्टुलोसस*)

उच्च ताप सहिष्णु और फल गुणवत्ता के लिए प्रजनन

वर्ष 2018 की गर्मी और बरसात मौसम के दौरान, टिण्डा की उन्नत प्रजनन सामग्री एएचआरएम –1/2017/17 –एक सफेद–हरा–बीकानेरी प्रकार का मूल्यांकन किया गया और मौसम के अनुसार भिन्न प्रतिक्रिया दर्ज की गई। पहली विपणन योग्य कटाई के लिए इस संतति को 34.2–36.4 दिन लगे। कोमल फलों की गुणवत्ता, वजन (88.6–118.7 ग्रा.) और विपणन योग्य फलों की संख्या (7.2–12.4/पौधा) में विभिन्नता दर्ज की गई। अजैविक प्रतिदाब वाली परिस्थितियों में गुणवत्ता में सुधार के लिए चयन किए गए।

लौकी (*लेजेनेरिया साइसेरेरिया*)

लौकी में उच्च ताप सहिष्णु और विपणन योग्य उपज के प्रजनन हेतु वर्ष 2018 के दौरान, केशुबासं में विकसित दो लंबे फलों वाली लौकी के चयनों को फलों की गुणवत्ता और उपज विशेषताओं के लिए जांचा गया। फसल का अध्ययन जनवरी और फरवरी महीने में चार बुवाई की तारीखों के साथ किया गया था और खुले खेत परिस्थितियों में, चेनल को ढककर, टेंट और टनलनुमा बनावट वाली चार उत्पादन तकनीकों का प्रयोग किया गया।

लाइन एएचएलएस/2017/01 ने एएचएलएस/2017/02 के समान ही रही और दोनों ने विकास और बिक्री योग्य फलों की पैदावार में श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया और यह मई महीने के दौरान 43–45^{0}सें.तापमान में दर्ज किया गया। सतह को ढकने की व्यवस्था के साथ शुरुआती बुआई जनवरी महीने में करने कारण लंबे समय तक (15 मार्च से मई) तक अच्छी गुणवत्ता वाले फल मिलते रहे और इस समय मौसम बहुत शुष्क होता

Round melon (*Praecitrullus fistulosus*)

Breeding for high temperature tolerant and fruit quality

During summer and rainy of 2018, advanced breeding material of round melon AHRM-1/2017/17-a whitish-green-Bikaneri type was evaluated and variable response was recorded with seasons. The progeny took 34.2-36.4 days for first marketable harvesting. Variations were recorded for tender fruit quality, weight (88.6-118.7 g) and number of marketable fruits (7.2-12.4/plant). Further selections were made for quality improvement under abiotic stressed conditions.

Bottle gourd (*Lagenaria siceraria*)

In bottle gourd for breeding of high temperature tolerant and marketable yield during 2018, two long fruited bottle gourd selections developed at CIAH were tested for fruit quality and yield attributes. The crop was studied with four sowing dates in January and February month, and four production techniques using surface covering on channel, tent and tunnel type structure and open-field conditions.

Line AHLS/2017/01 was *at par* to AHLS/2017/02 and both exhibited superiority for growth and marketable fruit yield and it was with temperature range 43-45^{0}C during May month. Early sowing with surface covering mechanism in January month resulted to good quality fruit harvesting for prolonged period (15 March to May) and it is under acute dry weather. On average basis of sowing dates and production techniques,

है। बुवाई की तारीखों और उत्पादन तकनीकों के औसत आधार पर, दोनों ही चयनों ने पहली तुड़ाई में शीघ्रता (64.8 दिन) और उपज/पौधा (3.84 किग्रा) का प्रदर्शन किया।

चिकनी तोरई (*लूफा सिलिंड्रिका*)

उच्च ताप स्थितियों में बेहतर गुणवत्तायुक्त फलोपज के लिए प्रजनन

वर्ष 2018 के दौरान, चिकनी तोरई लाइन एएचएसजी/2015/एफ$_5$/01 को थार तपिश नाम से जारी किया गया और अलग–अलग उत्पादन स्थितियों और उच्च तापमान स्थितियों के साथ विकास, फल और बीज उपज गुणों के लिए परीक्षण किया गया। इस पर एआईसीआरपी (सब्जी फसलें) के तहत आईईटी–2018 में 14 जननप्रकारों पर परीक्षण किया जा रहा है।

चिकनी तोरई किस्म थार तपिश की विशेषताएं

चिकनी तोरई किस्म थार तपिश (चित्र 25 ए) को चयन और संकरण के माध्यम से विकसित किया गया है (मातृत्व एएचएसजी–4 × एएचएसजी–16)। यह अजैविक तनावपूर्ण परिस्थितियों में बेहतर विपणन योग्य फलों की पैदावार और मध्यम पौधों के लिए 2.43–2.62 मी के लिए देशी जननद्रव्य के उपयोग के माध्यम से विशिष्ट और पहली बार प्रजनित है। इसने कोमल फलों की पहली तुड़ाई के दिनों में (49.2–52.4 दिन), फलों /पौधों की संख्या (9.74–12.47) और विपणन योग्य फलों की पैदावार (1.18–1.42 किग्रा) श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया। विपणन योग्य हरे से गहरे हरे रंग के कोमल फल (ए–ग्रेड) में 110–115 ग्रा. वजन, 20–22 सेमी लंबाई और 3.2–3.4 सेमी व्यास दर्ज किया गया। अलग–अलग उत्पादन स्थितियों में फलों की पैदावार 142.2–155.8 क्विंटल दर्ज की गई।

both the selection exhibited earliness for first picking (64.8 DAS) and yield/plant (3.84 kg).

Sponge gourd (*Luffa cylindrica*)

Breeding for better quality fruit yield under high temperature conditions

During 2018, sponge gourd line AHSG/2015/F_5/01 was released as Thar Tapish and tested for growth, fruit and seed yield characters with varying production situations and high temperature conditions. It is also under AICRP on vegetable crops IET-2018 trial and 14 genotypes are under investigation.

Characteristics of sponge gourd variety Thar Tapish

Sponge gourd variety Thar Tapish (Fig. 25a) is selection and developed through hybridization (parentage AHSG-4 x AHSG-16). It is trait specific and first time bred through use of native germplasm for better marketable fruit yield and moderate plants 2.43–2.62 m under abiotic stressed conditions. It exhibited superiority for days to first harvesting of tender fruits (49.2–52.4 DAS), number of fruits/plant (9.74–12.47) and marketable fruit yield/plant (1.18–1.42 kg). Green–dark green colour tender fruits (A-grade) at marketable stages are 110–115 g weight, 20–22 cm length and 3.2–3.4 cm diameter. Fruit yield is 142.2–155.8 q/ha with varying production situations.

चित्र. 25 ए. तोरई–थार तपिस Fig. 25 a. Sponge gourd-Thar Tapish

टमाटर

सीओ-3-237-3 एक उन्नत टमाटर जननप्रकार

टमाटर की लाइकोपीन समृद्ध ताप सहिष्णु जननप्रकार सीओ –3–237–3 की सामग्री का परीक्षण और मूल्यांकन उपज, गुणवत्ता और पोषण संबंधी विशेषताओं के लिए किया गया (तालिका 30)।

Tomato

CO-3-237-3 promising tomato genotype

Lycopene rich heat tolerant genotype of tomato. The populations of CO-3-237-3 were tested and evaluated for yield, quality and nutritional attributes (Table 30).

Rkfydk 30 - yky VekVj dh mUur izdkjksa dk in'kZu

Table 30. Performance of promising genotypes of red tomato

y{k.k Characters	lhvk -3-237-3 CO-3-237-3	fu;a=.k ¼lhvk&3½ Control (CO-3)
v- of) A. Growth		
1. पौध ऊंचाई (सेमी) Plant height (cm)	159.6	68.2
2. वृद्धि स्वभाव Growth habit	अव्यवस्थित Indeterminate	व्यवस्थित Determinate
3. पत्ती रंग Leaf colour	गहरा हरा Dark green	हरा Green
4. पत्ती लम्बाई Leaf length	14.6	13.4
5. पत्ती चौड़ाई Leaf width	4.5	3.6
6. डंढल लम्बाई Petiole length (cm)	0.81	0.72
c- i"iu B. Flowering		
1. पुष्पक्रम लम्बाई (सेमी) Inflorescence length (cm)	15.8	12.3
2. प्रति पुष्पक्रम पुष्प संख्या Number of flowers per inflorescence	5	5
3. पुष्पकोश संख्या Number of calyx	5	5
4. पंखुडियों की संख्या Number of petals	5	5
5. पंखुड़ी का रंग Colour of petal	पीला Yellow	पीला Yellow
6. पुष्पकोश लम्बाई (सेमी) Calyx length (cm)	1.1	0.7
7. पंखुड़ी लम्बाई (सेमी) Petal length (cm)	1.5	1.2
l- Qyu C. Fruiting		
1. आकार Size	बड़ा Large	मध्यम Medium
2. लम्बाई (सेमी) Length (cm)	11.4	7.2
3. परिधि (सेमी) Girth (cm)	23.6	15.1
4. भार (ग्रा.) Weight (g)	118.6	49.5
5. प्रकार Shape	गोल Round	गोल Round
6. रंग Colour	गहरा लाल Deep red	लाल Red
7. प्रति पौधा फलों की संख्या Number of fruits per plant	65	41
8. बीजकोश की संख्या Number of locules	6-7	4
9. गूदे की मोटाई (सेमी) Flesh thickness (cm)	0.85	0.53
10. लाइकोपीन मात्रा (मिग्रा.) Lycopene content (mg)	7.9	5.6
11. टीएसएस प्रतिशत TSS %	4.5	5
12. अम्लता Acidity	0.38	0.41
13. उपज (किग्रा.) Yield (kg)	7.71	2.03
14. उपज में प्रतिशत बढोतरी Percent increase in yield	379.8 %	-
n- jksx vkj dhV D. Disease and pest		
1. टीएलसीवी TLCV	मध्यम सहिष्णु Moderately resistant	मध्यम संवेदी Moderately susceptible

एएम-47 : बीटा-केरोटीन से भरपूर (पीले) ताप सहिष्णु टमाटर जननप्रकार

एएम–47 की सामग्री का उपज, गुणवत्ता और पोषण संबंधी विशेषताओं के लिए परीक्षण और मूल्यांकन किया गया (तालिका 31)। यह अर्ध व्यवस्थित, फल का वजन लगभग 110 ग्रा., आकार में चपटे गोल आकर्षक पीले रंग के फल दर्ज किए गये। प्रति पौधे की पैदावार 3.7 किग्रा. है। खेत की स्थिति में यह टीसीएलवी बीमारी के प्रति मामूली प्रतिरोधी है।

AM-47: B-carotene rich (yellow type) heat tolerant genotype of tomato

The populations of AM-47 were tested and evaluated for yield, quality and nutritional attributes (Table 31). It is semi determinate type, each fruit weight about 110 g, attractive yellow colour fruits of flat round in shape. Each plant yields 3.7 kg. It is moderately resistance to TCLV disease under filed condition.

Rkfydk 31- ihyh VekVj dh mUur tuuidkj dk çn'kZu

Table 31. Performance of promising genotypes of yellow tomato

y{k.k **Characters**	,,e&47 **AM-47**	fu;a=.k ¼vdk e?kkyh½ **Control (Arka Meghali)**
v- of) **A. Growth**		
1. पौध ऊंचाई (सेमी) Plant height (cm)	107.6	86.9
2. वृद्धि स्वभाव Growth habit	अर्ध व्यवस्थित Semi determinate	व्यवस्थित Determinate
3. पत्ती रंग Leaf colour	गहरा हरा Dark green	गहरा हरा Dark green
4. पत्ती लम्बाई Leaf length	14.6	17.5
5. पत्ती चौड़ाई Leaf width	4.5	4.4
6. डंढल लम्बाइ Petiole length (cm)	0.91	1.15
c- i"iu **B. Flowering**		
1. पुष्पक्रम लम्बाई (सेमी) Inflorescence length (cm)	10.3	11.9
2. प्रति पुष्पक्रम पुष्प संख्या Number of flowers per inflorescence	5-6	5-6
3. पुष्पकोश संख्या Number of calyx	5-6	5-6
4. पंखुडियों की संख्या Number of petals	5-6	5-6
5. पंखुड़ी का रंग Colour of petal	पीला Yellow	पीला Yellow
6. पुष्पकोश लम्बाई (सेमी) Calyx length (cm)	1.9	2.0
7. पंखुड़ी लम्बाई (सेमी) Petal length (cm)	2.0	
l- Qyu **C. Fruiting**		
1. आकार Size	बड़ा Large	मध्यम Medium
2. लम्बाई (सेमी) Length (cm)	10.2	8.5
3. परिधि (सेमी) Girth (cm)	22.5	18.5
4. भार (ग्रा.) Weight (g)	110	78.2
5. प्रकार Shape	चपटा गोल Flat round	चपटा गोल Flat round
6. रंग Colour	पीला Yellow	लाल Red
7. प्रति पौधा फलों की संख्या Number of fruits per plant	2-3	1-2
8. बीजकोश की संख्या Number of locules	4-5	5
9. गूदे की मोटाई (सेमी) Flesh thickness (cm)	0.72	0.63
10. टीएसएस प्रतिशत TSS %	5.0	4.0
11. अम्लता Acidity	0.33	0.38
12. उपज (किग्रा.) Yield (kg)	3.7	2.8
13. उपज में प्रतिशत बढोतरी Percent increase in yield	132.1	-
n- jkx vkj dhV **D. Disease and pest**		
1. टीएलसीवी TLCV	मध्यम प्रतिरोधी Moderately resistant	मध्यम प्रतिरोधी Moderately resistant

वाईएफ 5-2-7 : उच्च कैरोटीन मात्र युक्त तरबूज

अवस्थित आनुवंशिक परिवर्तनशीलता के बीच, कैरोटीनॉइड मात्रा से भरपूर एक भगवा रंग के गूदे वाला जननप्रकार (वाईएफ 5–2–7) को चिन्हित कर शुद्ध किया गया (चित्र 26)। यह पत्तियों (अखंडित) से चित्रित किया गया। वाईएफ 5–2–7 लोकप्रिय लाल गूदे वाली किस्मों जिनमें कैरोटीनॉयड मात्रा 3.92–4.14 माग्रा./ग्रा. एफडब्लू होती है, की तुलना में उच्च कैरोटीनॉयड मात्रा (7.0–7.2 –2 माग्रा./ग्रा. एफडब्लू) से युक्त होता है।

चित्र 26. वाईएफ 5–2–7 उच्च कैरोटीन युक्त तरबूज
Fig. 26. YF 5-2-7: High carotenoid content watermelon

YF 5-2-7: High carotenoid content watermelon

Among the existing genetic variability, a saffron fleshed genotypes (YF 5-2-7) rich in carotenoid content has been identified and purified (Fig. 26). It is characterized by entire (non-lobed) leaves. YF 5-2-7 is high in carotenoid content (7.0-7.2 µg/g FW) in comparison to popular red fleshed varieties which have 3.92-4.14 µg/g FW carotenoid content.

कुन्दरू *(कोक्सीनिया इण्डिका)*

कुन्दरू के प्रदर्शन का अध्ययन

उच्च तापमान परिस्थितियों में अनिषेक फलों का उत्पादन करने वाला जायाजनन कुन्दरू जननप्रकार को गर्म शुष्क वातावरण के लिए 'थार सुंदरी' नाम से जारी किया गया है। वर्ष 2018 के दौरान, थार सुंदरी का अध्ययन अलग–अलग उत्पादन स्थितियों में दो किस्मों (इंदिरा–1 और इंदिरा–5) के साथ किया गया।

कुन्दरू की 'थार सुन्दरी' किस्म की विशेषताएं

कुंदरू की किस्म थार सुंदरी (चित्र 27) क्षेत्रीय विविधता से क्लोनल चयन के माध्यम से विकसित हुई। जायाजनन पौधे बढ़वार स्वभाव में मध्यम, मादा फूल खिलने में तेज और अनिषेकफलन वाले होते हैं। लघु–बारहमासी पौधों में कटाई–छंटाई की अनुकूलता देखी और वसंत और मानसून के मौसम के साथ फिर से अंकुरित हो जाते हैं, और अंकुरित होने के बाद पहली फल तुड़ाई में 50–55 दिन लगते हैं। सब्जी उपयोग के लिए, फल फूल खुलने के 6.28–8.42 दिनों में तैयार होते हैं। बिक्री योग्य सबसे अच्छी गुणवत्ता (ए ग्रेड) वाले कोमल फलों

चित्र 27 . कुन्दरू (थार सुन्दरी) के विपणन योग्य फल
Fig. 27. Marketable fruits of ivy gourd (Thar Sundari)

Ivy gourd (*Coccinia indica*)

Performance studies of ivy gourd

The gynoecious ivy gourd genotype producing parthenocarpic fruits under high temperature conditions is released as Thar Sundari for hot arid environment. During 2018, Thar Sundari was studied with two varieties (Indira-1 and Indira-5) with varying production situations.

Characteristics of ivy gourd variety Thar Sundari

Ivy gourd or kundru variety Thar Sundari (Fig. 27) developed through clonal selection from regional diversity. The gynoecious plants are moderate in growth habit, prolific in bearing of female flowers and parthenocarpic fruit development. Short-perennial plants respond to pruning and re-sprouted with on-set of spring and monsoon season, and after re-sprouting it took 50-55 days for first harvesting. For vegetable culinary, fruits ready in 6.28–8.42

की लंबाई 5.83–6.48 सेमी, व्यास 1.54–1.89 सेमी और वजन 11.76–13.54 ग्रा दर्ज किया गया। विभिन्न प्रकार की उत्पादन स्थितियों में इस जननप्रकार ने कोमल फलों की पैदावार 2.85–3.48 किग्रा/पौधा/मौसम और उपज क्षमता 248.2–351.7 क्विं./हेक. प्रदर्शित की है।

पालक (*बीटा वल्गेरिस*)

पालक जननप्रकार का पत्ती और बीज उपज के लिए परीक्षण

पालक एएचएलपी–1, उत्कृष्ट गुणवत्ता, सब्जी उपयोगी एकसमान पत्तियां और गर्म शुष्क वातावरण में वर्षों से स्थिर उत्पादन जननप्रकार को वर्ष 2018 के दौरान ''थार हरीपर्णा' के रूप में जारी किया गया। 8.2 पीएच की रेतीली मिट्टी में इस किस्म ने कोमल पत्तियों के लिए अच्छी प्रारंभिक वृद्धि का प्रदर्शन किया और पहली कटाई में 36 दिन लगे। बीज उत्पादन के लिए 21–25 दिनों में निराई अथवा विपणन योग्य पत्ती की पहली कटाई की अनुशंसा की जाती है, और 3–4 कटाई से पौध विकास बेहतर दर्ज किया गया। बुवाई के लगभग 175 दिन बाद, फसल कटाई के लिए तैयार हो जाती है और मिनी–स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के तहत 250 वर्ग मी. खेत से 42 किग्रा. बीज उपज को दर्ज किया गया।

पालक किस्म थार हरीपर्णा की विशेषताएं

पालक किस्म थार हरीपर्णा (चित्र 28) को चयन के माध्यम से विकसित किया गया है और यह मूल सामग्री में सुधार है। यह विशिष्ट विशेषता सम्पन्न है और अक्टूबर से मार्च तक 7–9 चुनाई के साथ उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले पत्तों का उत्पादन करती है। प्रारंभिक पादप वृद्धि इसमें बहुत अच्छी देखी गयी और अक्टूबर में बुआई की गई फसल में पहली पत्ता चुनाई 35–40 दिनों बाद आरंभ हुई। विपणन के योग्य कोमल पत्तों की लंबाई 9.81–12.54 सेमी, चौड़ाई 5.72–8.11 सेमी और 100 पत्तों का वजन 174.8–183.8 ग्रा. दर्ज किया गया। हल्के–हरे से लेकर गहरे–हरे रंग और बड़े आकार के पत्ते चमकदार, चिकने, मोटे, मुलायम

Palak (*Beta vulgaris*)

Testing of palak genotype for leaf and seed yield

The palak genotype AHLP–1 producing excellent quality, uniform vegetable use leaves and stable over the years under hot arid environment is released as Thar Hariparna during 2018. The variety exhibited good initial growth for tender leaves and took 36 days for first harvesting under sandy soils with 8.2 pH. For seed production, thinning at 21-25 DAS or first marketable leaf harvesting stage is recommended, and 3-4 pickings gave better plant growth. About 175 days after sowing, the crop is ready for harvesting and 42 kg seed yield / 250 sq. m area was recorded under mini-sprinkler irrigation system.

Characteristics of palak variety Thar Hariparna

Palak variety Thar Hariparna (Fig. 28) developed through selection and it is improvement over the native population. It is trait specific and producing excellent quality leaves and 7–9 pickings from October to March. It exhibited very good initial plant growth and first tender leaves harvesting start at 35–40 days with October sowing. Tender leaves at marketable stages are 9.81–12.54 cm length, 5.72–8.11 cm width, 1.748–1.838 g weight and 100 leaves are 174.8–183.8 g in weight. Light-green to dark-green colour and bigger sized leaves are glossy,

चित्र 28. पालक किस्म थार हरीपर्णा की विपणन योग्य पत्तियां
Fig.28. Marketable leaves of palak variety Thar Hariparna

और रसीले होते हैं। विपणन योग्य ताजा पत्ती की उपज क्षमता 128.48–235.84 क्विं/हेक. है।

सब्जी बीज उत्पादन

भाकृअनुप के बीज परियोजना परिक्रामी निधि के अंतर्गत सब्जी फसलों में प्रजातिगत अनुरक्षण प्रजनन और बीज बहुलीकरण

वर्ष 2018 के दौरान, फूटककड़ी (एएचएस–82 – 73 किग्रा), काचरी (एएचके–119 – 81 किग्रा), चिकनी तोरई (थार तपिश – 8.4 किग्रा), ग्वारफली (थार भादवी – 292 किग्रा), पालक (थार हरीपर्णा 42 किग्रा), बैंगन (थार रचित, 4.0 किग्रा) और अन्य शुष्क सब्जियों की फसलों की किस्में के बीज उत्पादित किए गये। किसानों, गैर सरकारी संगठनों और केवीके और राष्ट्रीय, राज्य और निजी एजेंसियों को किस्मों के प्रसार और आगे बीज श्रृंखला बनाने के लिए उत्पादित सब्जियों की किस्मों / जननप्रकारों का लगभग 500 किग्रा. बीज वितरित किया गया। वर्ष 2018–19 के दौरान, कुल 292 किग्रा. प्रजनन और टीएफएल बीज का उत्पादन किया गया और 126 किसानों को लाभान्वित करने के लिए 0.10 हेक्टेयर फसल उत्पादन क्षेत्र के लिए ग्वारफली बीज दिया गया।

फसल प्रबंधन और कृषि-तकनीकियां

आंवला

बीकानेर में

आंवला में पाला प्रबंधन

पाला प्रबंधन रणनीति के तहत, समान दिखने वाले आंवला पौधों को सैलिसिलिक एसिड (1एम एम और 2एमएम) और हाइड्रोजन पेरोक्साइड (एच$_2$ओ$_2$) (0.5एमएम – 1.0 एमएम) के साथ–साथ नियंत्रण (पानी स्प्रे) के विभिन्न सांद्रणों का छिड़काव पाला पड़ने की शुरुआत में किया गया। छिड़काव किए गए पौधों का उपचार पूर्व और उपचार के 72 घंटे के बाद पत्तियों में उनके एंटीऑक्सिडेंट रक्षा मेटाबोलाइट्स संचय (फेनोलिक्स सामग्री और कुल एंटीऑक्सिडेंट गतिविधि) विश्लेषण किया गया। एंटीऑक्सिडेंट मेटाबोलाइट्स संचय पर 1.0 एमएम एच$_2$ओ$_2$ छिड़काव को छोड़कर कोई भी उपचार के लिए परिणाम आश्वस्त नहीं थे, जिसमें कि छिड़काव के 72 घंटों के बाद कुल फेनोलिक और कुल एंटीऑक्सिडेंट गतिविधि में मामूली वृद्धि देखी गई थी। कुछ नई दस्तावेजों के आधार पर, 2018 के दौरान एच$_2$ओ$_2$ के छिड़काव सांद्रता में बदलाव आया और इसी तरह आईसीएआर–सीआईएएच अनुसंधान फार्म में एक समान दिखाई देने वाले आंवला

smooth, thick, soft and juicy. Marketable fresh leaf yield potential is 128.48–235.84 q/ha.

Vegetable seed production

Varietal maintenance breeding and seed multiplication in vegetable crops under revolving funds of ICAR seed project

During 2018, seed production of snap melon (AHS-82: 73 kg), kachri (AHK-119: 81 kg), sponge gourd (Thar Tapish: 8.4 kg), cluster bean (Thar Bhadavi: 292 kg), palak (Thar Hariparna: 42 kg), brinjal (Thar Rachit: 4.0 kg) and other arid vegetable crop varieties was done. About 500 kg seed of varieties/genotypes of arid vegetables produced for distribution to farmers, NGO's, KVK's and national, state and private agencies for spread of the varieties and further seed chain. During 2018-19, total 292 kg breeder and TFL seed was produced and 126 farmers were benefited with cluster bean seeds for 0.10 ha crop production area each.

Crop management and agro-techniques

Aonla

At Bikaner

Frost management in aonla

For frost management strategy, similar looking aonla plants were sprayed with different concentrations of salicylic acid (1mM & 2mM) and Hydrogen peroxide (H_2O_2) (0.5mM & 1.0 mM) along with control (water spray) at onset of frost. The sprayed plants were analyzed for their antioxidant defense metabolites accumulation in leaves (phenolics content & total antioxidant activity) pre-treatment and 72 hrs after the treatments. The results on antioxidant metabolites accumulation were not convincing for any treatment except 1.0mM H_2O_2 spraying, under which a slight increase in total phenolic and total antioxidant activity was observed at 72 hours after spraying. On the basis of some new reports, during 2018 the spraying concentrations of H_2O_2 changed and similar looking aonla plants at ICAR-CIAH research farm were sprayed in triplicate with 50, 100, 200 & 500mM H_2O_2 along with control during second week of December-2018 (onset

पौधों को 50, 100, 200 और 500 एमएम एच$_2$ओ$_2$ के साथ दिसंबर–2018 के दूसरे सप्ताह के दौरान नियंत्रण के साथ तीन छिड़काव किये गये (पाले की शुरुआत पर) और प्रतिऑक्सीकारक रक्षा मेटाबोलाइट्स संचय (फेनोलिक्स और फ्लेवोनोइड्स) का 48, 72 और 96 घण्टों बाद (छिड़काव के बाद के घंटे) विश्लेषण किया गया और परिणामों की तुलना की गई।

जिन पौधों में 50 और 100एमएम एच$_2$ओ$_2$ का छिड़काव किया गया था उनमें एंटीऑक्सीडेंट रक्षा मेटाबोलाइट्स (फेनोलिक और फ्लेवोनोइड्स) की मात्रा में 72 घण्टों तक वृद्धि देखी गई और बाद में घटने लगी, जबकि नियंत्रण में और 200 और 500एमएम एच$_2$ओ$_2$ के छिड़काव किए गये पौधों में 24 घण्टों के बाद से ही तेज गिरावट पूर्व छिड़काव की तुलना दर्ज की गई। फेनोलिक सामग्री में वृद्धि की मात्रा 50एमएम एच$_2$ओ$_2$ छिड़काव की तुलना में 100एमएम एच$_2$ओ$_2$ छिड़काव में अधिक थी, जबकि फेलवेनॉइड सामग्री में वृद्धि का परिमाण दोनों एच$_2$ओ$_2$ छिड़काव स्थिति के तहत बराबर था। विभिन्न एच$_2$ओ$_2$ छिड़काव स्थितियों के तहत एंटीऑक्सीडेंट रक्षा मेटाबोलाइट्स पर ये अवलोकन इंगित करता है कि आंवला में 100एमएम एच$_2$ओ$_2$ के साथ पाला आने से पूर्व–छिड़काव एक सीमा तक पाले से होने वाली हानि को कम कर सकता है।

फालसा

फालसा में कटाई-छंटाई का अध्ययन

फालसा में अधिकतम गुणात्मक उपज प्राप्त करने के लिए कटाई–छंटाई की ऊंचाई और छंटाई के समय को मानकीकृत करने के लिए एक प्रयोग किया गया था। कटाई–छंटाई की 4 लंबाई (एच$_1$–0, एच$_2$–20, एच$_3$–40 और एच$_4$–60 सेमी ऊंचाई) और 4 समयावधि (टी$_1$–30 नवंबर, टी$_2$–15 दिसंबर, टी$_3$–30 दिसंबर और टी$_4$–15 जनवरी) थीं।

अंकुरण, फूल कली स्फुटन/पुष्पन, फलन, उपज और गुणवत्ता मानकों के संबंध में अवलोकन दर्ज किये गये।

ताजे फलों की अधिकतम औसत उपज (4.89 किग्रा./झाड़ी) और फल वजन (1.13 ग्रा.) उपचार टी$_4$एच$_2$ में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम उपज, फलभार (2.17 किग्रा./झाड़ी) और 0.53 ग्रा क्रमशः उपचार टी$_1$एच$_4$ में दर्ज किया गया। अधिकतम टीएसएस (25.42^0 ब्रि.) उपचार टी$_4$एच$_2$ में और न्यूनतम (19.20^0 ब्रि.) टी$_1$एच$_4$ उपचार में मापा गया (तालिका 32)।

of frost occurrence) and analyzed for antioxidant defense metabolites accumulation (phenolics and flavonoids) was analyzed at 48 HAS, 72 HAS and 96 HAS (hours after spraying) along with pre-spraying and compared the results.

An increase in antioxidant defense metabolites (phenolic and flavonoids) content in plants sprayed with 50 & 100mM H_2O_2 till 72 HAS was observed and start decreasing afterward while a sharp decrease from 24 HAS in plants sprayed with 200 & 500mM H_2O_2 along with in control plants under frost conditions as compared to pre-spraying. The magnitude of increase in phenolic content was higher under 100mM H_2O_2 than 50mM H_2O_2 spraying while the magnitude of increase in flavonoids content was at par under both the spraying H_2O_2 spraying condition. These observations on antioxidant defense metabolites under different H_2O_2 spraying conditions indicates that onset of frost pre-spraying with100mM H_2O_2 might be an effective frost management strategy in aonla to some extent.

Phalsa

Pruning studies in phalsa

An experiment on phalsa was conducted to standardize the pruning height and time of pruning to get maximum qualitative yield. There were 4 lengths of pruning (H_1-0, H_2-20, H_3-40 and H_4-60 cm height) and 4 timings (T_1-30 November, T_2-15 December, T_3-30 December and T_4-15 January) of pruning .

The observations were recorded with respect to sprouting, flower bud initiation/flowering, fruiting, yield and quality parameters.

Maximum average fresh fruit yield (4.89 kg/bush,) and fruit weight (1.13 g) were recorded in treatment T_4H_2 , while minimum (2.17 kg/bush), 0.53g and 10.61mm, respectively in treatment T_1H_4. Maximum TSS (25.42^0 Brix) was also measured in treatment T_4H_2 and minimum (19.20^0 Brix) in T_1H_4 (Table 32).

Rkfydk 32- dVkb&NVkb dh Åpkbi vkj le; l iHkkfor Qkyk e Qyu ekin.M

Table 32 . Fruiting attributes of phalsa as influenced by pruning height and time.

mipkj **Treat.**	idu@jax cnyu dk pj.k **Maturity/ colour change stage**	igyh pukbi **First Picking**	vfre pukbi **Last Picking**	dVkb&NVkb l igyh pukbi e yx fnu **Days from pruning to I harvest**	pukbi vof/k **Picking duration**	mit@ >kMh **Yield/ bush**	'kk[kk@ >kMh **Twigs / bush**	'kk[kk yEckbi ¼lseh½ **Twig length (cm)**	Qy xPN@ 'kk[kk **Fruit clusters / twig**
T1H1	11-04-18	17-04-18	10-05-18	135 days	24 days	2.88	120	112	11.30
T1H2	17-04-18	23-04-18	09-05-18	141 days	17 days	3.08	135	110	12.00
T1H3	19-04-18	28-04-18	09-05-18	146 days	12 days	2.67	149	105	11.10
T1H4	23-04-18	30-04-18	09-05-18	148 days	10 days	2.17	171	86	10.70
T2H1	19-04-18	23-04-18	09-05-18	126 days	17 days	2.99	140	107	10.90
T2H2	15-04-18	23-04-18	15-05-18	126 days	23 days	3.26	167.5	105	10.60
T2H3	23-04-18	25-04-18	22-05-18	128 days	28 days	2.9	177	103	10.20
T2H4	23-04-18	25-04-18	22-05-18	128 days	28 days	2.87	196	98	10.10
T3H1	23-04-18	02-05-18	23-05-18	122 days	21 days	2.69	162.5	111	12.20
T3H2	23-04-18	02-05-18	30-05-18	122 days	28 days	3.82	178	106	11.30
T3H3	20-04-18	24-04-18	25-05-18	112 days	32 days	3.74	192.5	92	11.70
T3H4	20-04-18	24-04-18	19-05-18	112 days	26 days	2.9	206	87	10.60
T4H1	25-04-18	01-05-18	18-05-18	104 days	17 days	3.46	165	122	11.90
T4H2	25-04-18	01-05-18	30-05-18	104 days	29 days	4.89	170	121	12.20
T4H3	25-04-18	01-05-18	25-05-18	104 days	24 days	4.19	189	104	11.50
T4H4	22-04-18	01-05-18	30-05-18	104 days	29 days	3.52	199	94	10.50

सहजन की थार हर्षा किस्म में बीजांकुरण विधि का मानकीकरण

थार हर्षा के लिए विभिन्न उपचारों यथा– पंख के साथ बीज– कागज के ऊपर विधि (टीपी), बीज बिना पंख के कागज के ऊपर विधि (टीपी), पंख के साथ बीज– कागज के बीच(बीपी) और बिना पंख के बीज– कागज के बीच (बीपी) के साथ बीज अंकुरण विधियाँ मानकीकृत की गईं। यह पाया गया कि पंखों के बिना बीज को कागज (गोल किया हुआ तौलिया विधि–बीपी) के बीच रख कर प्रयोग किए गए बीज द्वारा सबसे अधिक अंकुरण (66 प्रतिशत) के साथ स्वस्थ और जोरदार अंकुर पैदा हुआ, जबकि सबसे कम अंकुरण (22 प्रतिशत) बिना पंख बीज में–टीपी में दर्ज हुआ, इसके बाद पंख के साथ–टीपी में (42 प्रतिशत) के साथ अंकुरण दर्ज किया गया।

सहजन की थार हर्षा किस्म में मृदा गुणों, वृद्धि, उपज और गुणवत्ता मापदण्डों पर विभिन्न जैविक पलवारों का प्रभाव

मक्का का भूसा, धान का पुआल, घास और नियंत्रण (बिना पलवार) आदि जैविक पलवारों के प्रदर्शन का अध्ययन किया गया (चित्र 29)। धान के पुआल की

Standardization of seed germination method in drumstick variety Thar Harsha

Standardized seed germination methods for Thar Harsha with different treatments viz. Seed with wing-top of the paper method (TP), seed without wing-top of the paper method (TP), Seed with wing-between paper (BP) and seed without wing-between paper (BP). It was found that seed without wing kept in between paper (rolled towel method-BP) produce healthy and vigorous seedling with highest germination (66 %) followed by seed with wing-BP (48 %) while, the lowest germination (22 %) was found in seed without wing-TP followed by Seed with wing-TP (42 %) with poor seedling growth.

Effect of different organic mulches on soil properties, growth, yield and quality parameters of drumstick var. Thar Harsha

The performance of organic mulches viz. maize straw, paddy straw, grasses and control (no mulch) were studied (Fig. 29). The highest

पलवार में फलों का वजन (158.4 ग्राम/फल), फल लंबाई (98.5 सेमी), बीज संख्या (22), फल परिधि (25.3 मिमी), फल का ताजे और सूखा वजन का अनुपात (3.9), गूदा (3.1), छिलका (5.2), पत्तियां (7.6), टीएसएस (11.2^0 ब्रिक्स), और विटामिन–सी (पत्तियों में 436.8 मिग्रा./100 ग्रा. और फलों में 289.4 मिग्रा./100 ग्रा.) अधिकतम पाया गया, जबकि मक्का पुआल पलवार का क्रम इसके बाद में रहा। नियंत्रण में यह सबसे कम दर्ज किया गया।

fruit weight (158.4 g/fruit), fruit length (98.5 cm), number of seed (22), fruit diameter (25.3 mm), fresh weight and dry weight ratio of fruit (3.9), pulp (3.1), skin (5.2), leaves (7.6), TSS (11.2 °brix), and Vit-C (436.8 mg/100 g in leaves & 289.4 mg/100 g in fruits) was found in paddy straw mulch followed by maize straw mulch while the lowest was recorded under control followed by grasses mulch.

चित्र 29 सहजन की थार हर्षा किस्म में विभिन्न जैविक पलवारों का प्रभाव
Fig. 29. Effect of different organic mulches on drumstick var. Thar Harsha

गर्म शुष्क क्षेत्र में ऊतक संवर्धित खजूर अनुसंधान में तेजी

अ-पौध रोपण समय का मानकीकरण

यह प्रयोग निम्नलिखित अनुमोदित तकनीकी कार्यक्रम के अनुसार आरंभ किया गया था। दर्ज किये गये परीक्षण बिन्दु निम्नलिखित हैं–

उपचारः फरवरी, जुलाई, अक्टूबर। किस्में : बरही, खलास, खुनेजी और मेडजूल, आवृतियां : पांच, प्ररूप : आरबीडी, निगरानी बिन्दु : उत्तरजीविता प्रतिशत, पौध ऊंचाई (मी), पौध फैलाव (मी x मी), नई पत्तियों का उद्‌भव।

इस प्रयोग के परिणाम इस प्रकार हैं:

- इन पौधों में सबसे अधिक उत्तरजीविता (95 प्रतिशत) खलास और बरही में दर्ज की गयी। इसके बाद के क्रम में मेडजूल (90 प्रतिशत) और न्यूनतम (75 प्रतिशत) उत्तरजीविता खुनैजी में दर्ज किया गया।
- पौध ऊंचाई सबसे अधिक बरही एवं खलास (250 सेमी) में और सबसे कम खुनेजी (100 सेमी) में दर्ज की गयी।
- पौध फैलाव सबसे अधिक बरही (1.80 मी और 1.56 मी) में और सबसे कम बरही में दर्ज किया गया। सबसे कम खुनैजी में (0.50 मी और 0.50 मी) रहा।
- खलास एवं बरही किस्म में 10–12 नयी पत्तियां

Intensification of research on tissue cultured date palm in hot arid region.

A. Standardization of planting time

This experiment was conducted with following approved technical programme and observations were also recorded as given below.

Treatments: February, July, October. Cultivars: Barhee, Khalas, Khuneizi and Medjool, Replication: Five, Design: RBD, Observations: Survival (%), Plant height (m), Plant spread (m x m), emergence of new leaves.

The results of the said experiment are given here:

In respect of cultivars, maximum survival (95%) was recorded in Khalas and Barhee followed by Medjool (90%) and minimum (75%) survival was recorded in Khuneizi cultivar.

- Maximum plant height (250 cm) was recorded in Barhee and Khalas and minimum in Khuneizi cultivar (100 cm).
- Maximum plant spread (N-S) and (E-W) was recorded in Barhee (1.80 m and 1.65 m) and minimum in Khuneizi cultivar (0.50 m and 0.50 m).
- In Khalas and Barhee cultivars, 10 to12 new

आयी। मेडजूल में 8–10 और न्यूनतम खुनेजी में केवल 3 से 4 नयी पत्तियां ही दर्ज की गयी।

ब. पौध रोपण के लिए गड्ढों के आकार का मानकीकरण

यह प्रयोग निम्न तकनीकी क्रियाओं के साथ आरंभ किया गया था।

गड्ढ़ों कर आकार : 2 (1 x 1 x 1 मी और 0.5 x 0.5 x 0.5 मी), किस्में : बरही, खलास, खुनेजी और मेडजूल, आवृतियां: पांच, प्ररूप : आरबीडी, निगरानी बिन्दु : उत्तरजीविता प्रतिशत, पौध ऊंचाई (मी), पौध फैलाव (मी x मी), नई पत्तियों का उद्भव, फल बनाना।

खलास और बरही किस्मों में 1x1x1 मी. गड्ढे के आकार के साथ अधिकतम पौध ऊँचाई (250 सेंमी) देखी गयी, जबकि खुनैजी किस्म में 0.5x0.5x0.5 मी. गड्ढे के आकार के साथ पौध ऊँचाई (100 सेमी) न्यूनतम रही। पत्ती का उद्भव अधिकतम बरही और खलास किस्मों में बड़े आकार के गड्ढे में दर्ज किया गया, जबकि खुनैजी में छोटे आकार के गड्ढे के साथ न्यूनतम पत्तियाँ निकली और इसी तरह का चलन पौधे के प्रसार में भी दर्ज किया गया।

खलास किस्म में, 50 प्रतिशत पौधों में पुष्पन हुआ और पहला उद्भव 15 मार्च 2019 को देखा गया और 25 मार्च 2019 को अंतिम स्पैथ उद्भव दर्ज किया गया। बरही और मेडजूल किस्मों में, केवल 25 प्रतिशत पौधों में पहली बार फूल आए। बरही में पहली बार 22 मार्च 2019 को उद्भव दर्ज किया गया था और मेडजूल में 25 मार्च 2019 को फूल में शुरू हुआ था। 18 मार्च 2019 को घनामी किस्म (नर) में स्पैथ उद्भव हुआ और परागण एकत्र किए गए थे और सभी मादा किस्मों में परागण के लिए इस्तेमाल किया गया था। कुछ पौधों में फलन इस प्रतिवेदन अवधि के दौरान दर्ज किया गया।

गड्ढे के आकार का प्रभाव केवल विकास प्रदर्शन पर दर्ज किया गया था, जबकि प्रजनन चरण पर गड्ढे के आकार का स्पैथ के उभरने और उभरने की संख्या का कोई प्रभाव नहीं दिखा था।

स- बगीचे की ज्यामिति (पौधे से पौधे एवं पंक्ति से पंक्ति की दूरी) का मानकीकरण

यह प्रयोग निम्नलिखित तकनीकी क्रियाओं के साथ आरंभ किया गया था और आकलन के आंकड़े एकत्र कर नीचे दिए गये हैं।

leaves were emerged while in Medjool it was 8-10 and minimum leave emergence i.e. 3-4 was in Khuneizi cultivar.

B. Standardization of pit size for planting

This experiment was conducted with following approved technical programme and observations were also recorded as given below.

Pit size: 2 (1 x1 x 1 m and 0.5 x 0.5 x 0.5 m), Cultivar: Barhee, Khalas, Khuneizi and Medjool, Replications: 5, Design: RBD, Observations: Survival (%), Plant height (m), Plant spread (m x m), emergence of new leaves and spathe emergence, fruit setting.

Maximum plant height (250cm) in Khalas and Barhee cultivar with 1 x 1 x 1 m pit size while minimum plant height (100 cm) in Khuneizi cultivar with 0.5 x 0.5 x 0.5 m pit size. The maximum leaf emergence was also recorded in cultivar Barhee and Khalas cultivar in the bigger size pit while minimum leaves were emerged in cultivar Khuneizi with small pit size and same trend was also recorded in plant spread.

In cultivar Khalas, 50% plants have been flowered and first emergence was observed on 15th March 2019 and last spathe emergence was recorded on 25th March 2019. In Barhee and Medjool cultivars, only 25% plants have been flowered first time. In Barhee first emergence was recorded on 22nd March 2019 and in Medjool flowering started on 25th March 2019. The Ghanami cultivar (male) spathe emerged on 18th March 2019 and pollens were collected and used for pollination in all female cultivars. Fruiting in some plants have set during the report period.

The effect of pit size was recorded only on the growth performance while on reproductive phase pit size did not show any effect emergence of the spathe and number of emergence.

C. Standardization of crop geometry (plant to plant and row to row spacing)

This experiment was conducted with following approved technical programme and observations were also recorded as given below.

अंतराल : 2 (6 x 6 मी और 8 x 8 मी), किस्में : बरही, खलास, खुनेजी और मेडजूल, आवृति : पांच, प्ररूप : आरबीडी।

इस प्रयोग से प्राप्त परिणाम इस प्रकार है–

इस प्रयोग में इन सभी प्रजातियों में पौधे से पौधे के बीच के अंतराल (6 x 6 मी और 8 x 8 मी) का कोई विशेष प्रभाव नहीं दर्ज किया गया। इसमें उत्तरजीविता, पौध ऊंचाई और फैलाव में कोई सार्थकता नहीं देखी गयी।

राजस्थान के गर्म शुष्क वातावरण में अनार में पुष्प नियमितकरण, फल-फटने का प्रबंधन और मूलवृंत स्वीकार्यता पर अध्ययन

अनार की गुणवत्ता और फल-फटने पर विभिन्न आवरण सामग्री का प्रभाव

अनार में फल फटने के प्रबंधन के लिए 2018–19 के दौरान एक प्रयोग किया गया था, जो राजस्थान की गर्म शुष्क जलवायु के तहत गंभीर समस्या है। अनार भगवा किस्म के फलों को विभिन्न आवरण सामग्री यानी सफेद कागज की थैली, भूरे कागज की थैली, चिकने कागज की थैली, छिद्रित पारदर्शी पॉलीथीन (पीटीपी) थैली, मलमल कपड़े की थैली, मार्किन कपड़े की थैली, गैर बुने हुए कपड़े की थैली, चिपकने वाला कागज (चिपटना फिल्म) और नियंत्रण में बिना आवरण के रखा गया था। सभी उपचारों में से, छिद्रित पारदर्शी पॉली थैली के उपचार में नियंत्रण (26.67 प्रतिशत) की अपेक्षा फल फटना (10.0 प्रतिशत) बहुत कम कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप बाजार योग्य अधिकतम उपज (3.68 किग्रा/पौधा) और उसके बाद श्वेत कागज थैली (3.07 किग्रा/पौधा) और सबसे कम उपज नियंत्रण (2.41 किग्रा/पौधा) में रही (तालिका 33)। बेहतर चमकीले लाल रंग के फल छिद्रित पारदर्शी पॉली थैली और चिपकने वाले कागज में प्राप्त किए गए जबकि, नियंत्रित में फलों का रंग फीका और धूप तथा पाले के कारण हल्के भूरे रंग में बदल गया था। फलों के टीएसएस और एस्कॉर्बिक एसिड की मात्रा में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं देखा गया, जबकि थैली आवरण में अम्लता और टीएसएस/एसिड अनुपात में सुधार दर्ज किया गया। न्यूनतम अम्लता (0.45 प्रतिशत) और अधिकतम टीएसएस/एसिड अनुपात 37.38 छिद्रित पारदर्शी पॉलीथीन थैली में दर्ज किया गया (तालिका 34)।

Spacing: 02 (6 x 6 m and 8 x 8 m), Cultivars: Barhee, Khalas, Khuneizi and Medzool, Replications: 05, Design: RBD,

The results of the said experiment are given here:

In all cultivars i.e. Khuneizi, Khalas, Barhee and Medjool of date palm, impact of spacing (row to row and plant to plant) i.e. 6 x 6 m and 8 x8 m was not been seen and survival, plant height and spread were not differed significantly in both the spacing.

Studies on flowering regulation, cracking management and rootstock adaptability in pomegranate under hot arid environment of Rajasthan.

Effect of different bagging material on fruit cracking and quality of pomegranate

An experiment was conducted during 2018-19 for management of fruit cracking in pomegranate which is severe problem under hot arid climate of Rajasthan. Pomegranate fruits of cv. Bhagwa were covered with different bagging material i.e. white paper bags, brown paper bags, butter paper bags, perforated transparent polyethylene (PTP) bags, muslin cloth bags, markin cloth bags, non woven fabric bags, shrink wrapping (cling film) and control without bagging. Among all the treatments, perforated transparent poly bags were significantly reduced fruit cracking (10.0%) as against control (26.67%). It also resulted in highest marketable yield (3.68 kg/plant) followed by white paper bags (3.07 kg/plant) and lowest in control (2.41 kg/plant) (Table 33). Improved bright red colour fruits was obtained in perforated transparent poly bags and shrink wrapping treatments while in control fruits colour faded and turn light brown red due to sun scald and frost damage. There is no significant differences were observed in TSS and ascorbic acid contents of fruits while acidity and TSS/Acid ratio were improved by bagging. Minimum acidity (0.45%) and maximum TSS/Acid ratio 37.38 were recorded in perforated transparent polyethylene bags (Table 34).

rkfydk 33- fofHkUu Fkyh vkoj.k lkexh l çHkkfor vukj Qyk d Hkkfrd y{k.k

Table 33 . Pomegranate fruit physical traits as influenced by different bagging material

mipkj **Treatments**	Qy Hkkj ¼xk½ **Fruit wt. (g)**	Qy ifjf/k ¼lseh½ **Fruit dia (cm)**	Qy yEckbZ ¼lseh½ **Fruit length (cm)**	Qy QVuk ¼ifr'kr½ **Fruit cracking (%)**	mit@ik/kk ¼fdxk½ **Yield/ plant (kg)**	foØ; ;kX; mit @ik/kk ¼fdxk½ **Marketable yield/ plant (kg)**
सफेद कागज की थैली White paper bags	180.6	8.11	6.95	13.33	3.61	3.07
भूरे कागज की थैली Brown paper bags	178.09	7.98	6.83	15.00	3.57	2.97
चिकने कागज की थैली Butter paper bags	182.72	8.21	8.11	13.33	3.65	3.05
पीटीपी थैली PTP bags	208.45	8.45	7.32	10.00	4.17	3.68
मलमल कपड़े की थैली Muslin cloth bags	185.47	8.2	7.18	20.00	3.71	2.91
मार्किन कपड़े की थैली Markin cloth bags	188.65	8.25	7.25	21.67	3.77	2.83
बिना बुने कपड़े की थैली Non woven fabric bags	180.7	8.16	7.14	13.33	3.68	3.07
चिपकने वाला कागज Shrink wrapping	182.54	8.2	7.21	13.33	3.65	3.04
नियंत्रण Control	180.6	8.05	7.04	26.67	3.62	2.41
सीडी CD 5%	5.87	NS	NS	9.54	0.12	0.27

rkfydk 34- fofHkUu Fkyh vkoj.k lkexh l çHkkfor vukj Qyk dh xq.koRrk

Table 34. Pomegranate fruit quality as influenced by different bagging material

mipkj **Treatments**	Qy dk jax **Fruit colour**	Vh,l,l °fc **TSS °Brix**	vEyrk **Acidity(%)**	,Ldkjfcd vEy **Ascorbic acid (mg/ 100 ml)**	Vh,l,l@vEy vuqikr **TSS/Acid ratio**
सफेद कागज की थैली White paper bags	लाल Red	15.2	0.50	21.47	30.64
भूरे कागज की थैली Brown paper bags	लाल Red	14.2	0.49	20.86	29.34
चिकने कागज की थैली Butter paper bags	लाल Red	14.61	0.48	21.45	30.82
पीटीपी थैली PTP bags	चमकीला लाल Bright red	16.24	0.45	24.12	37.38
मलमल कपड़े की थैली Muslin cloth bags	लाल Red	15.64	0.51	21.46	30.73
मार्किन कपड़े की थैली Markin cloth bags	लाल Red	15.6	0.64	22.5	24.48
बिना बुने कपड़े की थैली Non woven fabric bags	लाल Red	14.58	0.61	22.36	23.88
चिपकने वाला कागज Shrink wrapping	चमकीला लाल Bright red	15.24	0.54	23.12	28.24
नियंत्रण Control	हल्का लाल Light red	14.5	0.62	21.08	23.38
सीडी CD 5%		NS	0.097	NS	7.47

गर्म शुष्क पारिस्थितिकी में अमरूद, जामुन और शहतूत की उत्पादन तकनीकी को बढ़ावा देना

सिंचित गर्म शुष्क परिस्थितियों में शहतूत पुष्पमंजरी फरवरी से मार्च (15 दिन के अंतराल) में और जामुन पुष्पमंजरी फरवरी से अप्रैल (कुल फूल की अवधि लगभग 56 दिन) में उभरने लगती हैं। जामुन में फूलों का मुख्य समय मार्च से अप्रैल तक होता है और उस समय तापमान लगभग 37.8/19.2°से., सापेक्ष आर्द्रता 48.1/18.9 प्रतिशत और वाष्पीकरण दर लगभग 8.3 मिमी प्रति दिन के आसपास रहती है। शहतूत में आधार तापमान 17°से. और जामुन में 15.5°से. के अनुसार ताप इकाई की गणना की गई और यह क्रमशः 250.4 और 1791.3 डिग्री दिन दर्ज किया गया। जहाँ तक फूल में पुष्पनचरण (फूल आरंभ, खिलने की अवधि और फलने की अवधि) के समय जामुन और शहतूत की फसल के लिए मौसमी मापदण्ड क्रमशः तापमान (39.9/18.5 और 34/15.9 °से.), सापेक्ष आर्द्रता (51.1/20.1.1 और 59.1/22.0 प्रतिशत), वाष्पीकरण (7.9 और 6.1 मिमी) और हवा का वेग 4–5 किमी घण्टा$^{-1}$, सामान्य दर्ज किए गए। मौसम के मापदंडों में फल की परिपक्वता अवधि (जून माह) के दौरान 12 किमी प्रति घंटा से अधिक की हवा के वेग के कारण बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ, निरंतर रेत के तूफान (10–17 जून) ने जामुन की फसल को अधिकतम नुकसान 90 प्रतिशत पहुंचाया। फलों की परिपक्वता के दौरान फल की पैदावार और हवा के वेग (आर=0.76) के बीच अत्यधिक महत्वपूर्ण और नकारात्मक सहसंबंध के अस्तित्व के कारण इस परिदृश्य को बल मिला।

गर्म शुष्क वातावरण के अंतर्गत बेर में उत्पादन प्रणाली प्रबंधन

बेर किस्मों (गोला, थाई–बेर, गोमा कीर्ति और थार सेविका) में वृद्धि और उपज मापदंडों पर विभिन्न कटाई–छंटाई प्रणालियों की प्रतिक्रिया (वाई आकार, लताकुंज, टेलीफोन और नियंत्रण) का प्रभाव पड़ता है (चित्र 31 और तालिका 35–38)। गोला किस्म में पौध ऊंचाई (2.0 मी.), पौध प्रसार (पू–प 2.83 मी.) और चंदवा घेरा (3.77 एम3) सधाई की लताकुंज प्रणाली में अधिकतम थे, नियंत्रण में तना व्यास और वाई आकार सधाई प्रणाली में उत्तर–दक्षिण पौध प्रसार (2.04 मी.) अधिकतम दर्ज किया गया। जहां तक प्रति पौधा फलों की पैदावार का संबंध है, अधिकतम फलोपज गोला किस्म में (23.25 किग्रा) दर्ज की गई, उसके बाद गोमा कीर्ति

Intensification of production technology in guava, jamun and mulberry under hot arid conditions.

In irrigated hot arid conditions, emergence mulberry catkin and jamun panicle emerge initiate in February to March (15 days span) in mulberry and February to April (total flowering span around 56 days) in jamun . The main flowering flush time in jamun is from March to April and that time prevailed temperature around 37.8/19.2 ^{0}C, relative humidity 48.1/18.9 % and evaporation rate near about 8.3 mm per day. Heat unit also calculated over the base temperature 17 ^{0}C in mulberry and 15.5 ^{o}C in jamun and it was 250.4 and 1791.3 degree days, respectively. As far as flowering phenophases (flowering initiation, bloom period and fruiting span) weather parameters at that period viz., temperature (39.9/18.5 & 34/15.9 ^{0}C), relative humidity (51.1/20.1 & 59.1/22.0%), evaporation (7.9 & 6.1 mm) and wind velocity 4-5 kmhr^{-1}, respectively were recorded normal for jamun and mulberry crop. Among the weather parameters major economic loss occurred due to wind velocity of more than 12 km hr $^{-1}$ during the fruit maturity period (June month) continuous sand storm blew (10-17 June) cause maximum damaged the jamun crop up to 90% extent. This view is strengthened due to the existence of highly significant and negative correlation between fruit yield and wind velocity (r=0.76) during fruit maturity.

